संसेक्स 72,426.64 ▲ +376.26
डॉलर 83.016 ▼ +0.023

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 13.0 | 18.0 |
| धनबाद | 27.0 | 13.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 32.0 | 13.0 | 24.0 |
| पलामू | 27.0 | 11.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 18 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 123, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — कृषि अवसंरचना कोष : भारत के कृषि-भविष्य के लिए एक उत्प्रेरक ...8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प पर लगाया 355 मिलियन ...12 — देश/विदेश








## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 61,850
चांदी (किलो) 72,280

# जगतगुरु रामभद्राचार्य और गीतकार गुलजार को मिला 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार




**नई दिल्ली।** ज्ञानपीठ पुरस्कार चयन समिति ने वर्ष 2023 के लिए 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार की घोषणा की। इस वर्ष यह पुरस्कार दो भाषाओं संस्कृत के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य और उर्दू के लिए विख्यात गीतकार गुलजार को दिए जाने की घोषणा की गयी है। भारतीय ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आरएन तिवारी ने आईएएनएस को बताया कि सुप्रसिद्ध कथाकार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता के हुई चयन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में चयन समिति के अन्य सदस्य और ज्ञानपीठ के निदेशक मधुसुदन आनन्द शामिल थे। ज्ञात हो कि सन 1944 में स्थापित भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा वर्ष 1965 से भारतीय साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। संस्कृत भाषा को दूसरी बार और उर्दू के लिए पांचवीं बार यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। देश के सर्वोच्च साहित्य सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार के रूप में विजेताओं को पुरस्कार स्वरुप रुपये 11 लाख रुपए की राशि, वाग्देवी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।


संबंधित खबर पेज 12 पर


# इसरो का सबसे आधुनिक मौसम उपग्रह लॉन्च

### प्राकृतिक आपदाओं की समय पूर्व मिलेगी सटीक जानकारी



**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार शाम जीएसएलवी एफ 14 रॉकेट की मदद से मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीएस को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से शाम 5.35 बजे लॉन्च किया गया। इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने लॉन्चिंग की सफलता पर वैज्ञानिकों और कर्मचारियों को बधाई दी। इसरो के अनुसार इस लॉन्चिंग में तीन बड़ी उपलब्धियां हासिल हुईं। पहली, यह जीएसलएलवी की 16वीं उड़ान है। स्वदेशी क्रायो स्टेज की 10वीं उड़ान और स्वदेशी क्रायो स्टेज की सातवीं ऑपरेशनल फ्लाइट है। जीएसएलवी-एफ14 रॉकेट ने लॉन्चिंग के बाद इनसैट-3डीएस सैटेलाइट को उसकी तय कक्षा में पहुंचा दिया। इसके बाद ही सैटेलाइट के सोलर पैनल्स भी खुल गए हैं। यानी इसरो के इस सैटेलाइट को सूरज से मिलने वाली रोशनी से ऊर्जा मिलती रहेगी और यह काम करता रहेगा। यह वर्तमान में कक्षा में मौजूद इनसैट-3डी और इनसैट-3 डीआर उपग्रहों के साथ काम करता है। इस उपग्रह के काम करने से मौसम संबंधी सटीक जानकारियां मिल सकेंगी। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व सूचना में यह मददगार होगा, जिससे समय रहते बचाव एवं राहत कार्य की तैयारियां की जा सकेंगी। इसरो की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार पहले लॉन्च किए गए इनसैट- 3डी और इनसैट- 3डीआर उपग्रहों की अगली कड़ी के रूप में इनसैट-3 डीएस भेजा गया है। लगभग 2,275 किलोग्राम वजनी इनसैट-3 डीएस उपग्रह में अत्याधुनिक तकनीक से डिजाइन पेलोड हैं।

## सत्तारुढ़ गठबंधन के दोनों प्रमुख दलों में बगावत के सुर

# बजट सत्र के पहले कांग्रेस के मंत्रियों को हटा नए को दें मौका

- बैद्यनाथ राम ने दी चेतावनी, पार्टी ने दो दिन में निर्णय नहीं लिया, तो उठायेंगे बड़ा कदम
- सत्तारूढ़ दल झामुमो में भी अंदरखाने नए लोगों को मौका देने की उठने लगी है मांग
- कांग्रेस के 17 विधायकों में 12 विधायक नाराज, मनाने पहुंचे बसंत सोरेन, नहीं बनी बात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में चंपई सोरेन कैबिनेट के विस्तार के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख दलों कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा में बगावत के सुर सुनाई देने लगे हैं। कांग्रेस के 12 विधायकों ने तो खुल्लमखुल्ला ऐलान कर दिया है कि वे अपनी मांगों पर अब भी अड़े हुए हैं। नाराज विधायकों ने कहा कि वे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के सम्मान में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है... बजट सत्र के पहले कांग्रेस कोटा के चारों मंत्रियों से इस्तीफा ले नये लोगों को मौका दिया जाए। वहीं, लातेहार के विधायक बैद्यनाथ राम ने चेतावनी दी है कि पार्टी ने दो दिन में निर्णय नहीं लिया, तो बड़ा कदम उठायेंगे। झामुमो में अभी बगावती तेवर सतह पर तो नहीं दिख रहा लेकिन अंदरखाने वहां भी नए लोगों को मौका देने की बात उठ रही है। कांग्रेस के नाराज विधायक बिरसा चौक स्थित होटल रासो में डटे हैं। शनिवार को पूरे दिन वे अपनी आगे की रणनीति पर मंथन करते रहे। इनमें विधायक दीपिका सिंह पांडेय, अंबा प्रसाद, डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, भूषण बारा, उमाशंकर अकेला, सोना राम सिंकू, कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह सहित अन्य शामिल हैं। इस बीच नया-नया मंत्री बने बसंत सोरेन नाराज विधायकों को मनाने पहुंचे। उन्होंने कई विधायकों से बात की लेकिन विधायक अपनी मांग पर अड़े


शेष पृष्ठ 11 पर


### हमारे सभी साथी इक्ट्ठा हैं : अंबा प्रसाद



विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सारी बातें हम लोग मीडिया के सामने पहले ही रख चुके हैं। हमारे सभी साथी इकट्ठा हैं। हम लोग एक साथ बाहर जायेंगे। पहले दिल्ली उसके बाद कहीं और जाने की तैयारी है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हम सभी बैठकर मंथन कर रहे हैं। अपनी भावना से पार्टी की राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराएंगे। आलाकमान का 16 फरवरी को निर्देश था कि हम सभी शपथ ग्रहण समारोह में जाएं। हम सभी ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों का पालन किया। अब हमारी बातों को भी हाईकमान को सुनना होगा। हर घर में अभिभावक होते हैं और बच्चे अपनी भावनाओं से अभिभावक को अवगत कराते हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के 17 विधायकों में 12 विधायक नाराज हैं। उनकी नाराजगी की वजह कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों को रिपीट किये जाने को लेकर है।

### बजट सत्र से पहले फैसला नहीं हुआ, तो चले जाएंगे राज्य से बाहर

विधायकों ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ज्ञापन देते हुए दो टूक कहा कि सभी चारों मंत्री बदलें, नहीं तो हम विधानसभा सत्र में नहीं जायेंगे। बजट सत्र से पहले पार्टी फैसला लें, अगर हमारी मांगें नहीं मानीं गईं, तो हम 12 विधायक विधानसभा नहीं जाएंगे और राज्य के बाहर चले जाएंगे।

## एक नजर

### भारत- इंग्लैंड की टीम 20 को पहुंचेगी रांची



**रांची।** रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच 23 फरवरी से टेस्ट मैच शुरू होने वाला हैं। इसे लेकर रांची पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में जुट गई हैं। जानकारी के मुताबिक, दोनों टीमें 20 फरवरी को ही रांची पहुंचेगी। 21 को स्टेडियम में अभ्यास करेगी। इस दौरान खिलाड़ियों की होटल से लेकर स्टेडियम तक कि सुरक्षा का खाका तैयार किया जा रहा है। इस बार खिलाड़ियों की तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। एयरपोर्ट, होटल और स्टेडियम के लिए 15 सौ से अधिक पुलिसफोर्स की तैनाती की जाएगी। मैच के दौरान छह आईपीएस, 10 से ज्यादा डीएसपी और 1500 से ज्यादा पुलिस बल सुरक्षा व्यस्था संभालेंगे। ट्रैफिक रुट में किस तरह का बदलाव होगा, पार्किंग और होटल के बाहर किस तरह की सुरक्षा घेरा बनाया जाएगा सभी बातों पर निर्णय लिया जा रहा है, जिस होटल में भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ी ठहरेंगे उसकी सुरक्षा का जिम्मा डीएसपी स्तर के अधिकारी के जिम्मे होगा।

### चक्रधरपुर में रेल पटरी पर लहूलुहान हालत में मिले चारों शव एक ही परिवार के

**पश्चिमी सिंहभूम।** राज्य के पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के नुरदा गांव के टुंगूवासा में रेल पटरी पर शनिवार को लहूलुहान चार लोगों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने शुक्रवार आधी रात बाद करीब 2:30 चक्रधरपुर रेल मंडल के केंदपोसी तालाबुरु डाउन लाइन पर यह हृदय विदारक दृश्य देखा। रेलवे अधिकारियों ने सूचना मिलते ही ट्रेनों का संचालन रोक दिया। चारों शव एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर अलग-अलग स्थान पर मिले। जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि इन लोगों ने आत्महत्या की या इनकी हत्या हुई है।

# लोकसभा सीट फाइनल करने मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गए दिल्ली




**रांची।** इंडिया गठबंधन में झारखंड की 14 लोकसभा सीट शेयरिंग का फामूर्ला तय करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय शनिवार को सेवा विमान से दिल्ली रवाना हो गए। उनके साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी दिल्ली गए हैं। सूत्रों के अनुसार एआईसीसी के बड़े नेताओं के साथ सीट शेयरिंग के मुद्दे पर रविवार को दिल्ली में बैठक होगी। इसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फामूर्ला तय किया जाएगा। सेवा विमान से दिल्ली रवाना होने से पहले राजेश ठाकुर ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर होने वाली बैठक के लिए वे दिल्ली जा रहे हैं। कांग्रेस के अंदर 12 विधायकों की नाराजगी को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी आलाकमान को इसकी जानकारी देंगे लेकिन यह कोई चिंता वाली बात नहीं है।


शेष पृष्ठ 11 पर


### बढ़े खर्च को 12 फरवरी को चंपाई कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की

# 37 करोड़ के लिए रुका मंत्री बंगलों के इंटीरियर का काम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी के एडीबी एरिया में बन रहे 11 मंत्रियों के बंगलों का काम पूरा हो चुका है। करीब 37 करोड़ फंड रिलीज नहीं होने के कारण इंटीरियर फिनिशिंग का काम रुका हुआ है। जुडको ने बताया कि यह राशि स्वीकृत होने के बाद अधूरे काम पूरे होंगे। इसके बाद कैबिनेट इन बंगलों को मंत्रियों को आवंटित करेगा। उम्मीद है कि जुडको अप्रैल के अंत या मई तक यह बंगले कैबिनेट को हैंडओवर करेगा। 11 कैबिनेट मंत्रियों के लिए 69.90 करोड़ रुपये में बंगले बनाए जा रहे थे लेकिन अब निर्माण का अनुमानित खर्च 114.47 करोड़ रुपये पहुंच गया है। मंत्री बंगलों में मॉड्यूलर किचन और लिफ्ट समेत कई सुविधाएं बढ़ाई गई है, इसी वजह से खर्च बढ़ा है। 12 फरवरी को हुई चंपई सोरेन कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है। जुडको के निर्देशन में बन रहे मंत्री बंगलों में अत्याधुनिक सुख-सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। बंगलों में ग्राउंड फ्लोर पर दो बेडरूम और पहले तल्ले पर तीन बेडरूम हैं। इसके अलावा एक बड़ा सा ड्राइंग रूम, डाइनिंग और मिनिस्टर रूम समेत कई कमरे हैं। बंगलों में स्मार्ट किचन भी है, जहां मॉड्यूलर और स्मार्ट किचन में भोजन बनेगा। पूरे बंगले का


शेष पृष्ठ 11 पर


## इंडिया

# आवश्यक है कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम



सुनील बादल

**एक** समय था जब किसी बड़े बुजुर्ग या सम्मानित व्यक्ति की कही हुई बात पर हर आम या खास लोग विश्वास करते थे और यही विज्ञापन या पीआर एजेंसियों की पूंजी होती है जिसे वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के हिसाब से खर्च करते हैं या कहें बड़े नामों या सेलेब्रिटी से कहला कर भुनाते हैं । उपभोक्तावाद और आक्रामक बाजारवाद के दौर में जब बैंक के ऋण और बच्चों की शिक्षा तक को उत्पाद माना जा रहा है तो ग्राहकों को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति ही नहीं झूठ तक का सहारा लिया जा रहा है जो चिंता की बात है । अधिकांश भोली भाली जनता सोशल मीडिया या विज्ञापनों में किसी नामी गिरामी हस्ती की कही हुई बात को सच मान लेती है जबकि उन्हें पता भी नहीं होता कि मोटी रकम देकर वे बातें कहलाई जाती हैं जो लिखी हुई स्क्रिप्ट होती है न कि व्यक्तिगत अनुभव । जैसे एक गुटका का विज्ञापन तीन बड़े फिल्म स्टार करते हैं जो स्वयं उसका सेवन नहीं करते । इस अंधी दौड़ में जब निजी शिक्षण संस्थान और कोचिंग इस्टिट्यूट शामिल हो गए तो गला काट स्पर्धा में बात झूठ तक पहुंच गई । किसी सफल प्रतियोगी को अपना पूर्व विद्यार्थी बताकर विज्ञापन देने में एक बार बहुत हास्यास्पद स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब अनेक प्रमुख समाचार पत्रों में सभी बड़े कोचिंग संस्थानों ने विज्ञापन दिए जिसमें सभी टॉपर को सभी ने अपना बताया था । इसपर बहुत चर्चा हुई थी । केंद्र सरकार ने इसपर रोक के लिए दिशानिर्देश बनाने की पहल की है । उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशानिर्देशों के मसौदे पर 16 मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग संस्थानों, कानून फर्मों, सरकार और स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों सहित सभी हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद मसौदा दिशानिर्देश तैयार किए हैं। मसौदा ₹कोचिंग₹ को परिभाषित करता है और ऐसी स्थितियां बताता है जो भ्रामक विज्ञापनों के अंतर्गत आती हैं। उदाहरण के लिए, कोचिंग संस्थानों को सफल उम्मीदवार द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम की अवधि, पाठ्यक्रम के नाम (चाहे मुफ्त हो या भुगतान) या किसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो उपभोक्ताओं के उनकी सेवाओं को चुनने के निर्णय को प्रभावित कर सकती है, छिपाने की अनुमति नहीं है। कोचिंग संस्थान को बिना सत्यापित सबूत के किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में छात्रों की सफलता दर, चयन की संख्या या रैंकिंग के संबंध में झूठे दावे करने से बचना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को छात्रों के व्यक्तिगत प्रयासों को स्वीकार किए बिना, ऐसा नहीं दिखाना चाहिए कि छात्रों की सफलता के लिए पूरी तरह से कोचिंग जिम्मेदार है। अन्य शर्तों के अलावा, सीसीपीए ने कहा कि कोचिंग सेंटरों को छात्रों की सफलता में कोचिंग की भागीदारी की सीमा को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को छात्रों और अभिभावकों में यह झूठी भावना नहीं भरनी चाहिए कि कोचिंग की सख्त जरूरत है या इसके बिना छात्र सफल नहीं हो सकता। कोचिंग संस्थानों को किसी भी ऐसे काम में संलग्न नहीं होना चाहिए जो उपभोक्ताओं को गुमराह कर सकता है या उपभोक्ता की स्वायत्तता और पसंद को नष्ट कर सकता है। सीसीपीए ने कहा कि दिशानिर्देशों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों से बचाना है और यह कोचिंग में लगे प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होगा। कोचिंग क्षेत्र द्वारा भ्रामक विज्ञापनों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा और प्रस्तावित दिशानिर्देश हितधारकों में स्पष्टता लाएंगे और उपभोक्ता हितों की रक्षा करेंगे। कोटा या अन्य स्थानों में ऐसे भ्रामक विज्ञापनों को सच मानकर जो अभिभावक अपने औसत बच्चों को टॉपर बनाने का सपना देखते हैं या बच्चों पर अनुचित दबाव बनाते हैं उसे रोकने में शायद यह प्रयास काम आए । इस लिंक पर विचार भेजे जा सकते हैं



# अब लालगढ़ बिहार हाल्ट पर भी रुकेगी पलामू एक्सप्रेस

### पलामू सांसद की मांग पर रेलवे बोर्ड ने जारी की अधिसूचना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के बरकाकाना से खुलकर डालटनगंज होकर डेहरी आनसोन के रास्ते पटना जाने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का लालगढ़ बिहार रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव किया जाएगा। इस बाबत रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह पलामू सांसद वीडी राम के गंभीर प्रयासों से सम्भव हो पाया है। बताया गया है कि पलामू एक्सप्रेस के ठहराव की मांग लालगढ़ की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। उक्त ट्रेन कोविड-19 के दौरान से ही बंद थी। इस संबंध में सांसद श्री राम द्वारा मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग की गई थी। जिसके आलोक में उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु 16 फरवरी को रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। इस ट्रेन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से इस क्षेत्र के 25-30 गांवों के लोगों को प्रतिदिन जिला मुख्यालय डालटनगंज आने-जाने में एवं यात्रियों के आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद श्री राम ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार प्रकट किया है।

## एक नजर

### विकसित भारत यात्रा के तहत ग्राम सभा

**पाटन।** स्थानीय केल्हार पंचायत भवन में हमारा संकल्प, विकसित भारत के तहत पंचायत भवन में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया जैनुल सिद्दीकी ने की। इस दौरान मुखिया ने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मौके पर पंचायत सेवक अहमद हुसैन, किशुनपुर मण्डल के विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी उपस्थित थे।

### लालगढ़ में पलामू एक्सप्रेस के ठहराव पर सासंद को बधाई



**ऊंटारी रोड।** सासंद विष्णु दयाल राम और जनता के लगातार प्रयासों से बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस को लालगढ़ बिहार रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मंजूरी मिली है। रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति के महासचिव सह भाजपा नेता वेद प्रकाश शर्मा ने इसके लिये सांसद श्री राम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे डालटनगंज से गढ़वा रोड स्टेशन के मध्य स्थित लाखों गरीब जनता को जिला मुख्यालय सहित पटना व रांची आने-जाने में सहूलियत होगी।

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त



**हरिहरगंज।** स्थानीय पुलिस ने शनिवार सुबह थाना क्षेत्र के अरुआ खुर्द चेक पोस्ट के समीप एनएच-98 पर अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को धर-दबोचा। पुलिस को देखकर दोनों चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गये। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार दोनों गाड़ियों को सरकारी चालक के माध्यम से थाने ले आये। थाना प्रभारी ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारी को सूचना देते हुए जिला खनन पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है।

# खेल के क्षेत्र में युवाओं को कैरियर तलाशने की सलाह



### गोदरमा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** गोदरमा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार से भव्य आगाज किया गया। युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने उनका हौसला बढ़ाया। समारोह को संबोधित करते हुये डा. चंद्रवंशी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को खेल के क्षेत्र मे भी कैरियर की तलाश करनी चाहिये। उद्घाटन मैच रेहला और गोदरमा टीम के बीच खेला गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण देवी, वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, असलम बहादुर मौजूद थे।

### सरस्वती पूजन के उपलक्ष्य में भक्ति जागरण का आयोजन

# लोहरसी बाजार में रामजी की निकली सवारी पर झूमे श्रोता



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी बाजार में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन लोहरसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मानव को जीवन में समय निकालकर भक्ति की ओर भी ध्यान लगाना चाहिए। भक्ति से मन को शांति मिलती है। उन्होंने समिति के पहल की सराहना की। जागरण ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों पर श्रोता रात भर भक्ति रस में गोता लगाते रहे। इस दौरान रामजी की निकली सवारी, नाही खाएब खोवा मेवा, नाही मिस्त्री मलाई आदि भक्ति गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर कुंदन पांडे, राहुल गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, पवन मेहता, बलिंद्र सहाब, रविंद्र राम, महाराज यादव, चिंटू यादव उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ती है समरसता

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** शहर के टंडवा रोड़ स्थित गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि थाना प्रभारी चंदन कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुशवाहा, ज्योति भूषण, मुखिया गुलाम सरवर, विद्यालय के प्रिंसिपल मनीष कुमार व निदेशक संजय कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर अरविंद बोस, ललेश कुमार, गुड्डू कुमार, रंजीत कुमार, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, प्रकाश कुमार, मनीष गुप्ता, बच्चन राम, जयप्रकाश, मो. इदरीश आलम, किरण कुमारी, तनु कुमारी, डिंपल कुमारी, ज्योति कुमारी, सुचित्रा मौजूद रहीं।

### उत्क्रमित मध्य विधालय खरडीहा जमुआ में शिक्षण व्यवस्था बेपटरी

# टीसी के लिये गुरुजी मांगते हैं देहाती मुर्गा

### मध्याह्न भोजन मे भारी अनियमितता, प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**नरेंद्र कुमार**

**नौडीहा बाजार।** स्थानीय प्रखंड के सरईडीह पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विधालय खरडीहा जमुआ में शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो जाने से भड़के ग्रामीणों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक सह सचिव रामदेनी यादव के द्वारा अध्यनरत छात्र -छात्राओं द्वारा शिकायत करने पर धमकी दी जाती है कि अगर कोई भी विरोध करेगा तो प्रमाणपत्र पर लाल कलम चला देंगे। इससे सहमे विद्यार्थी कुछ नहीं बोल पाते हैं। ग्रामीण सुनीता देवी ने कहा कि विद्यालय में खुलेआम नामांकन के लिये 100-100 रुपये और टीसी जारी करने पर देहाती मुर्गा मांगा जाता है। कभी भी बच्चों को मध्याह्न भोजन सरकारी मेनू के अनुसार नहीं दिया जाता है। अभी तक एक दिन भी मड़ुआ के लड्डू का वितरण नहीं किया गया है। प्रधानाध्यापक के द्वारा स्कूल में छात्र -छात्राओं की उपस्थिति कम रहने पर भी अधिक हाजिनी दिखाई जाती है। इसके साथ ही विकास मद की राशि का भी व्यापक पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। मौके पर विनेश यादव, विनोद यादव, कृष्णा यादव, संजय यादव, कमलेश यादव, ललेश यादव, महेश यादव, अजीत कुमार, संतोष यादव के आलावा कुश्मरी देवी, ममता देवी मौजूद रहीं।





**वर्जन...**

मामले को संज्ञान में लिया जा रहा हैं। ग्रामीण लिखित में आवेदन दें। जांच कराकर समुचित कार्रवाई की जायेगी।

**मनोज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू**

# ग्रामीणों के विरोध पर आंगनबाड़ी सेविका का चयन स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** बाल विकास परियोजना अंतर्गत सेमरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र तीन के लिये सेविका का चयन ग्रामीणों के विरोध व हंगामा को देखते हुये स्थगित कर दिया गया है। सीडीपीओ कुमारी अनिता ने बताया कि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार 17 फरवरी को सेविका चयन के लिये ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। श्वेता शर्मा एवं सुषमा देवी ने बताया कि पूर्व में इस केंद्र की सेविका चयन में हुई अनियमितता के खिलाफ न्यायालय में केस चल रहा है। जबतक न्यायालय से केस का निष्पादन नहीं हो जाता है । नये सिरे से चयन प्रक्रिया नहीं किया जाये। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने विरोध एवं हंगामा भी किया। चयन समिति में महिला पयर्वेक्षिका कुमारी सुनीता, मुखिया सुमति देवी, पचायत समिति सदस्य पूनम देवी, आशुतोष पांडेय आदि उपस्थित थे।

# चौकड़ी में रबी फसलों की तबाही देख किसान सदमे में

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के चौकड़ी पंचायत में शनिवार सुबह खेतों में पहुंचे किसान बरसात व ओलावृष्टि के कारण रबी फसलों की हुई तबाही को देख गहरे सदमे में हैं।

किसान उपेन्द्र पाठक, प्रह्लाद पाठक, शशि पाठक, अंबिका पाठक, नागेन्द्र जयसवाल, अजय जयसवाल, मो. मुमताज व मंसूर ने बताया कि इस गांव में आंधी-पानी के साथ हुई तेज ओलावृष्टि से सरसों की फल लदी फसल जमीन पर गिर गयी है।

गेहूं, चना, मसूर, अरहर सब कुछ चौपट हो चुका है। स्थिति यह है कि दाने के कौन कहे इन फसलों को मवेशियों को चारा मिलना भी मुश्किल है।

### छात्रों को कल से मिलेगा प्रवेश पत्र

**हैदरनगर।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में 11वीं की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 19 फरवरी से प्रवेश पत्र दिया जायेगा। प्राचार्या गंगा अग्रवाल ने बताया कि सोमवार की प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवेश पत्र का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य की मानीटरिंग सहायक शिक्षक मो. राशिद ज्या करेंगे।

# एक ही रात दो घरों में चोरी, क्षेत्र में दहशत

### दो अन्य घरों में चोरी का किया प्रयास असफल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव में शुक्रवार की रात एक साथ दो घरों में चोरी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस दौरान चोर दो अन्य घरों में चोरी करने में सफल नहीं हुये। भुक्तभोगियों द्वारा 27 हजार रुपये नगद सहित गहने चोरी होने की जानकारी दी गयी है। मामले में शनिवार को हरिहरगंज थाना में प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव के अनोज विश्वकर्मा के घर का ताला तोड़कर 25 हजार नगद सहित एक थान जेवरात तथा लक्ष्मण प्रजापति के घर से दो हजार रुपये नगद की चोरी हुई है। जबकि मेन रोड़ स्थित सिद्धेश्वर साव के गोदाम का ताला तोड़ने के बाद भी चोर अंदर दाखिल होने में सफल नहीं हुये। जाते-जाते चोरों ने सनोज विश्वकर्मा के घर में भी चोरी का प्रयास किया। चोरों द्वारा गांव के बाहर गेहूं के खेत में बक्सा, कपड़े सहित अन्य कागजात फेंक दिया गया था। इस संबंध में हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि स्थल पर जाकर मामले की जांच की गयी है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।



# शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाना ही उद्देश्य

### शिक्षाविद एनके तिवारी की पुस्तक एजुकेशन टू सोसायटी का विमोचन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** शिक्षाविद् सह संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल विश्रामपुर के निदेशक एनके तिवारी की पुस्तक एजुकेशन टू सोसायटी का बाजार में आने से पूर्व ही चर्चा और तारीफ पूरे जिले में हो रही है। उक्त पुस्तक का अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित हो चुका है, जल्द ही उसका हिंदी रूपांतर भी बाजार में आयेगा। श्री तिवारी ने शनिवार को आयोजित वार्ता में उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोविड काल के दौरान 2020 में पुस्तक लिखने की शुरूआत की थी। जिसे 2023 में पूरा कर लिया गया। वर्ष 2024 में यह प्रकाशित भी हो चुका है। रविवार को स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में अतिथियों द्वारा पुस्तक का विमोचन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा की वर्तमान हालात और शिक्षा से समाज व राष्ट्र का विकास कैसे हो सकता है, पुस्तक इसी पर केंद्रित है। पुस्तक के माध्यम से समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना ही मुख्य उद्देश्य है।



### क्रांतिकारी वीर बुद्धू भगत की मनायी गई जयंती

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने क्रांतिकारी वीर बुद्धू भगत की 232वीं जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लरका विद्रोह के अगुवा महान योद्धा बुद्धू भगत ने अंग्रेजी शासन, जमींदारों और साहूकारों के अत्याचार, अन्याय और कर वसूली के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका था। बुद्धू भगत के आंदोलन से घबराकर अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ने के लिए 1000 रुपए का इनाम रखा था। बुद्धू भगत पहले क्रांतिकारी थे जिस पर इनाम रखना पड़ा। इस अवसर पर संजीत कुमार, सन्नी कुमार, कृष्णा राम, संजय मिस्त्री, मनोज सिंह, अजीत कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिन में चटख धूप तो सुबह-शाम ठिठुरन से सेहत बिगड़ी

# तापमान में उतार-चढ़ाव से मौसमी बीमारियों का प्रकोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप चरम पर पहुंच गया है। दिन में चटख धूप व सुबह-शाम ठिठुरन भरी ठंड का लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दिन व रात के तापमान में भारी अंतर के कारण सर्दी-खांसी, वायरल फीवर, अनिद्रा आदि बीमारियां तेजी से नागरिकों को अपना शिकार बना रही है। अनियमित मौसम का विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों पर व्यापक दुष्प्रभाव देखा जा रहा है। स्थिति इतनी खराब है कि कमोबेश प्रत्येक घर का कोई न कोई व्यक्ति इस समय सर्दी-खांसी, बुखार से ग्रसित है। सरकारी के साथ निजी चिकित्सालयों में भी इन दिनों मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुदूर अंचलों में समुचित चिकित्सा सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को उपचार कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में चला अभियान

# ससमय किराया अदा करें दुकानदार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी के निर्देशानुसार बकायेदार दुकानदारों के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर बकाया राशि की वसूली की गई। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी श्री सन्नी ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि ससमय अपने दुकान का किराया कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके आवंटित दुकान की संविदा रद्द कर दुकान दूसरे को आवंटित कर दी जाएगी । नगर पंचायत की कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मच गया है। मौके पर नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, राकेश सिंह, लेखापाल रविकांत पटेल समेत पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

## राहत | शिविर में 35 मरीजों का किया गया मोतियाबिंद ऑपरेशन

# जारी रहेगा आंखों की रोशनी लौटाने का सिलसिला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को डीबीसीएस पलामू एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 35 मोतियाबिंद रोगियों का सफल ऑपरेशन किया गया। मौके पर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर के तहत प्रत्येक शनिवार व रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर दो बजे तक आईओएल विधि द्वारा मोतियाबिंद के रोगियों की जांच की जा रही है। उसके बाद उनका निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जा रहा है। इसके अलावे संस्था की ओर से सभी मरीजों के लिए मुफ्त दवा, चश्मा एवं खिचड़ी की भी व्यवस्था की गई है। शनिवार को 35 मोतियाबिंद के मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया है, वहीं शेष 35 मरीजों का रविवार को ऑपरेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों की आंखों की रोशनी लौटाने का ये सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. धीरज प्रसाद, नेत्र सहायक दयानंद कुमार, सुनील कुमार, परशुराम कुमार, सहायक जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, बसंती देवी, सुषमा देवी, काजल कुमारी, रजनी कुमारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उपेंद्र कुमार, आरती कुमारी उपस्थित रहीं।



### 95 हजार रुपए जुर्माना वसूल, कटियामारों में मचा हड़कंप

# बिजली चोरी अभियान में आठ पर मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली का अवैध उपयोग करते पाये जाने पर आठ लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाने में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उनपर 95 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकायेदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शनधारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में बिल का भुगतान समेत अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

एकजुटता में असीम शक्ति है। जब तक समस्या समाधान के लिए मिलकर प्रयास नहीं करेंगे। निराकरण नहीं होगा। कर्मचारियों को भी अपनी मांगों के लिए मिलकर लड़ना होगा।

**धर्मराज तिवारी, संरक्षक अराजपत्रित संघ**

## पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की उठी आवाज

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी व एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने डालटनगंज रेल अधीक्षक से मिलकर इंटरलॉक कार्य के नाम पर बंद की गयीं पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन तत्काल शुरू कराये जाने की मांग की है। इस दौरान पदाधिकारियों ने पत्रक सौंपकर अवगत कराया है कि नान इंटरलाकिंग कार्य के नाम पर डेहरी आनसोन खंड पर ट्रेनों का परिचालन बंद होने से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## तस्वीर झूठ ना बोले



यह तो महज एक झांकी है। मेदिनीनगर शहर में जाम की असली तस्वीर बाकी है। शहर के सभी चौराहे व गलियों में जाम का झाम नागरिकों के लिए भारी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### वीपीएम ज्ञान निकेतन के तीन छात्र जेईई मेंस में सफल



**मेदिनीनगर।** शहर के विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल (सत्र 2022-23)के तीन छात्रों ने जेईई मेंस में सफलता अर्जित किया है। भास्कर कुमार को 96.6 , विकास कुमार एवं ओम पांडेय को 91 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन काफी प्रसन्नता व्यक्त किया है। प्राचार्य सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। स्कूल के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने कहा कि तीनों विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में सफलता अर्जित कर स्कूल, परिवार का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के रूची के मुताबिक पढ़ाई के साथ तैयारी करायी जाती है। इसी का परिणाम है कि स्कूल के तीन छात्रों ने जेईई मेंस के प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त किया है। ऐसे छात्रों से दूसरे छात्रों को तैयारी करने का ललक जागृत होता है।

### विवेकानंद विद्या मंदिर का उद्घाटन कल

**मेदिनीनगर।** शिवाजी महाराज की जयंती पर 19 फरवरी को स्थानीय कुंदरी पंचायत स्थित डा. अंबेडकर चौक के समीप उद्घोष फाउंडेशन के तत्वावधा में विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल का उद्घाटन किया जायेगा। प्रधानाचार्य शुभम कुमार ठाकुर ने बताया कि विद्यालय में वर्ष 2024-25 सत्र के लिए नामांकन प्रारम्भ कर दिया गया है। नामांकन नर्सरी, प्रेप, वर्ग एक एवं वर्ग दो के लिए किया जा रहा है।

### लोस चुनाव-2024 के मद्देनजन उपायुक्त ने जारी किया आदेश

# आर्म्स एवं लाइसेंसधारी का भौतिक सत्यापन आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव-2024 से पहले जिला से निर्गत सभी आर्म्स लाइसेंस, आर्म्स एवं लाइसेंसधारियों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने यह आदेश जारी किया है। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया है कि जिला से निर्गत सभी आर्म्स लाइसेंस, आर्म्स एवं लाइसेंस धारियों का भौतिक सत्यापन कराकर लोकसभा आम निर्वाचन के समय सभी शस्त्रों को जमा कराया जाएगा। जिले में उपलब्ध शस्त्रों का भौतिक सत्यापन 17 फरवरी से 22 फरवरी तक किया जायेगा । उपायुक्त ने संबंधित सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कर 23 फरवरी 2024 को ज्वाइंट आर्म्स वेरीफिकेशन रिपोर्ट जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को समर्पित करने का निर्देश दिया है।

### जनकपुरी श्रीराम-जानकी मंदिर में श्रीराम कथा का आयोजन, उमड़ रहे श्रद्धालु

# राम नाम के प्रताप से मिट जाते हैं सारे संताप : स्वामी धीरेंद्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के 48वें अधिवेशन के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे हनुमत पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य ने प्रभु श्रीराम की पावन कथा का रसपान कराया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के पावन नाम की महिमा का बखान किया। कहा कि प्रभु श्रीराम के पावन नाम के प्रताप से सारे संताप दूर हो जाते हैं और जीव भवपार हो जाता है। इस तरह प्रभु का नाम तारणहार है और सभी मंत्रों का राजा है। उन्होंने मानव को भाग्यशाली और भगवान की भक्ति करने वाले को सौभाग्यशाली बताया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की गति मन के आधार से होती है। इसलिए मन पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। मनुष्य को चाहिए कि अपने मन को हमेशा प्रभु के भजन,सेवा में लगाएं। क्योंकि संसार में मन के आधार से ही जीव कर्म करता है। श्रीरामचरित मानस के मुताबिक कर्म प्रधान है और कर्मों का फल सभी को भुगतना पड़ता है। इसलिए व्यक्ति को हमेशा सत्कर्म करना चाहिए ताकि उसका फल अच्छा मिले। भगवान की भक्ति ही जीवन का सारतत्व है। निःस्वार्थ एवं निष्काम भाव से भगवान की भक्ति करने वाला ही मोक्ष का अधिकारी होता है। जो प्रभु श्रीराम के नाम का सहारा लेकर कर्म पथ पर आगे बढ़ता है,उसका जीवन चरित्र श्रेष्ठ हो जाता है। उन्होंने श्रीरामचरित मानस के आधार पर भगवान शिव एवं माता सती के प्रसंग की व्याख्या बड़े ही मार्मिक ढंग से की। इससे पहले मानस प्रवक्ता ओम प्रकाश दुबे ने सदग्रंथ श्रीरामचरित मानस एवं प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी, संचालन विनोद तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन रविंद्र तिवारी ने किया। मौके पर वशिष्ठ नारायनाचार्य,जगन्नाथ तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, यमुना तिवारी, अजीत तिवारी, प्रदीप तिवारी, शैलेश तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, विद्या तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, संजय तिवारी उर्फ गुड्डु मौजूद थे।

**महायज्ञ के 48वें अधिवेशन के पहले दिन चित्रकूट धाम से पधारे हनुमत पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य ने प्रभु श्रीराम की पावन कथा का रसपान कराया**

### श्रीमद्भागवत पुराण पाठ से वातावरण भक्तिमय

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित श्रीतुलसी मानस मंदिर परिसर में देवी मंडप समिति ट्रस्ट के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ के दौरान शनिवार से सुबह से यज्ञशाला में पूजा अनुष्ठान एवं श्रीमद्भागवत पुराण पाठ की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रयागराज से पधारे यज्ञाचार्य पंडित सुशांत मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अनुष्ठान शुरू कराया। जबकि पंडित पार्थ त्रिपाठी ने भागवत पुराण का पाठ किया। वृंदावन से पधारी भागवत कथा वाचिका अलका किशोरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर महायज्ञ का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद आयोजन समिति की सदस्य सीनु पाठक ने कथावाचक को माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। यजमानों ने भागवत पुराण की आरती उतारी। अलका किशोरी ने भागवत पुराण कथा की महिमा का बखान करते हुए इसे अमृतमयी बताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से दुर्लभ मानव जीवन मिला है। परमात्मा की प्राप्ति में ही जीवन की सार्थकता है। मौके पर शत्रुघ्न ओझा,परशुराम ओझा,पंडित प्रभुनारायण पाठक,पंडित संजीव मिश्रा,आयोजन समिति के अभिमन्यु ओझा,रामाकांत पांडेय,राजा पाठक, अजय दुबे,नवल किशोर तिवारी,सुधीर सोनी,प्रशांत सिंह,मनीष उपाध्याय,शोभा दुबे,राजा गुप्ता मौजूद थे।

### उपकरणों की आवक शुरू, जल्द किया जायेगा वितरण

# सहायक उपकरण मिलने के इंतजार में हैं पलामू के 548 दिव्यांग



**प्रखंडवार चिन्हित हैं दिव्यांग**

शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिये प्रखंडवार दिव्यांगों को चिन्हित किया गया है। उपकरण आने के बाद जिले के सभी 22 प्रखंडों में उपकरणों का वितरण किया जायेगा। इसके अलावा जिला समाज कल्याण कार्यालय से 30 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, 20 को व्हील चेयर, 30 को बैसाखी, 15 को ब्लाइंड स्टीक और 10 को वाकर देने का लक्ष्य है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के 548 दिव्यांग जिला समाज कल्याण से मिलने वाले सहायक उपकरण की बाट जोह रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला समाज कल्याण की ओर से 548 दिव्यांगों को सहायक उपकरण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में संचालित 14 परियोजनाओं के 216 दिव्यांगों को ट्राइ साइकिल, 99 को व्हील चेयर, 96 दिव्यांगों को बैसाखी, 44 दिव्यांगों को ब्लाइंड स्टीक और 93 दिव्यांगों के बीच वाकर वितरण करने का लक्ष्य है। चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब 42 दिन शेष बचे हुए है, किंतु अब तक किसी परियोजना में चिह्नित किये गए दिव्यांगों को सहायक उपकरण नहीं मिल पाया है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि सहायक उपकरण जिला में आना शुरू हो गया है। 157 ट्राइसाकिल आ गया है, शेष उपकरण जल्द आ जाएगा। फरवरी के अंत तक सभी 14 परियोजनाओं में दिव्यांगों को उपकरण मिलना प्रारंभ हो जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में जिला समाज कल्याण विभाग को दिव्यांगों के सहायक उपकरण के लिए 27 लाख रुपए का आवंटन मिला है।

### थाना में आवेदन देकर महिलाओं ने लगाया फर्जीवाड़े का आरोप, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

# महिलाओं को पता नहीं, एक करोड़ से अधिक राशि के कर्ज की निकासी



**रात में कर्ज वसूलने धमक रहे कर्मचारी**

महिलाओं ने बताया कि फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी देर रात घर पर आकर पैसा मांग रहे हैं। अब उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि वे क्या करें। पीड़ितों ने तत्काल न्याय की गुहार लगायी है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटिका क्षेत्र के कुंजड़ा पट्टी मुहल्ले की दर्जनों महिलाओं के नाम पर कर्ज देनेवाली विभिन्न कम्पनियों से एक करोड़ से अधिक राशि की फर्जी निकासी किये जाने का मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े की शिकार हुई महिलाओं ने शनिवार को शहर थाना प्रभारी को आवेदन देकर फर्जीवाड़े में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग की है। शहर थानेदार को दिए गए आवेदन में कुंजड़ापट्टी निवासी समीर राइन की पत्नी खलीकून बीबी ने बताया है कि उनके मोहल्ले की चरणजीत कौर उर्फ देवी पति छोटू, उनके पिता महेन्द्र सिंह,भाई काका और सोनी देवी पति राजकुमार राम ने महिलाओं को बहला-फुसला कर लालच प्रलोभन देकर मोहल्ले की करीब 60 महिलाओं से उनका आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड एवं फोटो ले लिया। उसके बाद सभी के नाम से भारत फाइनेंस, बंधन बैंक, आरबीएल स्केच, आरोहन, इन्साफ एवं वेदिका सहित लगभग दस कम्पनियों से इन महिलाओं के नाम फर्जी तरीके से लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक की राशि निकाल ली है। इनमें किसी के नाम तीन लाख, किसी के नाम से पचास हजार, किसी से दो लाख तो किसी से पैंतीस हजार की फर्जी निकासी कर उपरोक्त आरोपी फरार हो गए हैं।

**महिलाओं को बहला-फुसला कर लालच प्रलोभन देकर मोहल्ले की करीब 60 महिलाओं से उनका आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पैन कार्ड एवं फोटो ले लिया**

## यूजी सेमेस्टर चतुर्थ व द्वितीय की परीक्षा 28 से

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की यूजी सेमेस्टर चतुर्थ व द्वितीय की परीक्षा 28 फरवरी से आयोजित की जायेगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने बताया कि सत्र 2021-24 यूजी सेमेस्टर चतुर्थ की परीक्षा में 19131 छात्र-छात्रायें भाग लेंगे। जबकि सत्र 2022-26 सेमेस्टर-टू की परीक्षा में 20592 परीक्षार्थी शिरकत करेंगे। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जबकि सेमेस्टर चतुर्थ की परीक्षा दिन में दो बजे से शुरू की जायेगी। इन दोनों परीक्षाओं के लिए होम सेंटर खत्म कर दिया गया है। अलग-अलग कालेजों के परीक्षार्थियों के लिये अलग-अलग केंद्रों का



## न्यूज गैलरी

### वार्डों से लेकर सभी प्रखंडों में झामुमो का न्याय मार्च कल से



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा नगर निगम के सभी वार्डों से लेकर समस्त प्रखंडों में सोमवार से न्याय मार्च निकाला जायेगा। जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बताया कि इस दौरान केंद्र में सत्तासीन भाजपा द्वारा गैर भाजपा दलों की सरकारों के साथ बरती जा रही दमनकारी नीतियों से आम जनता को रूबरू कराया जायेगा। श्री सिन्हा ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी ईडी का दुरूपयोग कर भाजपा ने देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को किस प्रकार इस्तीफा देने के लिये विवश किया गया। हेमंत की बढ़ती लोकप्रियता से भयभीत भाजपा द्वारा किस प्रकार से घृणित साजिश रची गयी। आम जनमानस को इसकी जानकारी दी जायेगी। न्याय मार्च के माध्यम से भाजपा के षडयंत्र का पर्दाफाश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपने नेता को जेल जाता देख जनता मर्माहत है। वह माकूल समय का इंतजार कर रही है। आने वाले लोकसभा चुनाव में वोटों की ताकत से मतदाता करारा जबाब देंगे। पार्टी द्वारा कार्यक्रम को लेकर प्रखंड पदाधिकारियों को दायित्व दे दिया गया है।

### यातायात पुलिस ने की हेलमेट की जांच



**मेदिनीनगर।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिये एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास शनिवार को वाहनों की सघन जांच की गयी। इस दौरान हेलमेट की विशेष रूप से जांच की गयी। बगैर हेलमेट व कागजात के वाहनों का संचालन करने वाले वाहन चालकों का चालान भी किया गया। यातायात प्रभारी ने कहा कि हेलमेट का प्रयोग न करने के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गवां रहे हैं। ऐसे में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूरी है।

## खुशखबरी

### बाड़ेसाड़ प्रक्षेत्र में दो शावक मिले, निगरानी में जुटा प्रबंधन

# पीटीआर में चौसिंगों की संख्या बढ़ने के आसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बाडेसाड प्रक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर नौ में चौसिंगा के दो शावकों के देखे जाने से इनकी संख्या में बढ़ोतरी के आसार जताये जा रहे हैं। घास में छिपे शावकों की पीटीआर प्रबंधन द्वारा गहन निगरानी की जा रही है। शावक पूरी तरह चुस्त और तंदुरुस्त बताये जा रहे हैं। सर्वप्रथम इन्हें एक वनरक्षी ने देखा और इसकी सूचना दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष को दी। कुमार आशीष ने बताया कि संभवतः पिछले तीन दिनों से पड़ रहे कुहासे,वर्षा और तेज हवा के कारण शावकों ने ऊंची घास के अंदर शरण ले रखी है। उन्होंने बताया कि चौसिंगों के प्रजनन का समय फरवरी से अप्रैल महीने के मध्य होता है। एक बार में मादा चौसिंगा अधिकतम दो बच्चों को जन्म देती है। हालांकि इनकी मां आसपास नजर नहीं आयी है। संभावना जतायी जा रही है कि वह आसपास से ही अपने बच्चों पर नजर रख रही होगी। एहतियातन वनरक्षक को इन शावकों के पास न जाने की हिदायत दी गयी है। एक वर्ष तक मां के सानिध्य में रहने के बाद शावक स्वतंत्र हो जाते हैं।

**एहतियातन वनरक्षक को इन शावकों के पास न जाने की हिदायत दी गयी है**



### आवारा कुत्तों से सुरक्षा की चुनौती

कुमार आशीष ने बताया कि इन शावकों को आसपास के गांवों में भारी संख्या में मौजूद आवारा कुत्तों से सुरक्षा की है। वनरक्षक और ट्रैकर को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आवारा कुत्ते वन क्षेत्र में प्रवेश न कर पायें। इनसे शावकों की हर हाल में रक्षा की जाये। उन्होंने बताया कि चौसिंगों की तादात का बढ़ना इस बात को साबित करता है कि पीटीआर में अच्छे घास के मैदान के साथ पानी भी पर्याप्त है।

### हिंसक जानवरों से सचेत करते हैं कुत्ते

पीटीआर के आसपास स्थित गांवों के प्रत्येक घर में कुत्ता अवश्य है। इसके साथ बिना पाले हुये कुत्तों की संख्या भी काफी है। इसका कारण यह है कि कुत्ते हिंसक जानवरों व विषैले सर्पों की आहट पहले ही भांप लेते हैं तथा भौंकना शुरू कर ग्रामीणों को सचेत कर देते हैं।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### बीस सूत्री की बैठक स्थगित

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार में 19 फरवरी को होने वाली बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक स्थगित कर दी गई है। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने दी है। उन्होंने बीस सूत्री अध्यक्ष, बीस सूत्री सदस्य सहित सभी विभागों के अधिकारी और प्रखंड कर्मियों को पत्र प्रेषित कर इसकी जानकारी दी है।

### डालटनगंज बस स्टैंड से पति गायब

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के हुरका गांव के बैगा टोला निवासी अशोक राम (36) विगत 12 फरवरी से डालटनगंज बस स्टैंड के समीप से गायब हो गये हैं। अशोक राम की पत्नी चम्पा देवी ने बताया की उनके पति बस स्टैंड के समीप मोहन सिनेमा हॉल के मॉल निर्माण में मजदूरी कर रहे थे। 12 फरवरी की रात्रि में खाना खाकर सोये थे। सुबह जब उनके दोस्तों ने देखा तो वो वहां से गायब थे। अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा है। डालटनगंज सदर थाना में गुमशुदगी की सनहा भी दर्ज कराई गई है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से अपने पति को खोजने की गुहार लगाई है।

### तीसरे दिन भी हुआ मां सरस्वती की प्रतिमाओं का विसर्जन

**गढ़वा।** शहर व आसपास के क्षेत्रों में कुछ सरस्वती प्रतिमाओं का विसर्जन तीसरे दिन भी जारी रहा। गाजे-बाजे के साथ डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने शाम को सोनपुरवा स्थित रामबांध तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर सभी ने वसंतोत्सव भी मनाया।

### सही मायने में जननायक थे कर्पूरी ठाकुर

**भवनाथपुर।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 36वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लोक चेतना मंच के सदस्यों के द्वारा कर्पूरी चौक की साफ-सफाई की गयी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंच के अध्यक्ष सोनू ठाकुर, सचिव नीतीश कुमार, भरत ठाकुर, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, पंसस चंदन ठाकुर सहित अन्य के द्वारा माल्यार्पण कर जननायक अमर रहे का घोष किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर बड़े ही सरल एवं मधुर व्यक्तित्व के धनी थे। आम जन की समस्याओं के निराकरण के लिये वे सदैव तत्पर रहते थे। सही मायने में वे जननायक थे। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, भरत ठाकुर, राजेश्वर साह, रवि गुप्ता, बजरंगी साह, सुनेश्वर बैठा, अरुण गुप्ता उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी को दी गई विदाई

**धुरकी।** थाने के सभागार में स्थांतरित थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उससे पहले थाना प्रभारी संतोष ने एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव को प्रभारी थाना प्रभारी प्रभार सौंपा। मौके पर संतोष ने कहा कि धुरकी थाना को कभी नहीं भूल पाएंगे। यहां के लोग हमेशा याद आएंगे।

---

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने की निंदा, जताया रोष

# मंत्रिमंडल में जगह नहीं दिया जाना एससी वर्ग का अपमान



लातेहार विधायक बैजनाथ राम का नाम सूची में होने के बाद भी उन्हें शपथ नहीं दिलाया जाना दलितों के साथ धोखा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति का एक भी मंत्री नही बनाये जाने का भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने तीखी निंदा की है। इससे एससी वर्ग का अपमान करार देते हुये मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि इससे एससी वर्ग के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा सत्ताधारी गठबंधन द्वारा मंत्रिमंडल में शामिल जिन सत्यानंद भोक्ता को एससी बताया जा रहा है। वे एसटी वर्ग से आते हैं। लातेहार विधायक बैजनाथ राम का नाम सूची में होने के बाद भी उन्हें शपथ नहीं दिलाया जाना दलितों के साथ धोखा है। इससे साफ पता चलता है कि दलित समाज के प्रति प्रदेश सरकार की मंशा ही ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अपमान का बदला समाज के लोग लोकसभा चुनाव में लेंगे। मौके पर पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, अनुसूचित जाति मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान, रामगति राम, उमेश पासवान मौजूद थे।

---

भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गांवों में घर-घर किया संपर्क

# 51 कन्याओं की शादी का आमंत्रण पत्र वितरण जोरों पर



मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खरौंधी प्रखंड के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** नव जवान संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पर 28 फरवरी को टाउनशिप में 51 निर्धन कन्याओं की सामूहिक शादी के लिये आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जोरों पर है। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खरौंधी प्रखंड के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया। इस दौरान जहां कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से जहां सहयोग मांगा। वहीं नेक कार्य के लिये ग्रामीणों ने भी खुलेदिल से सहयोग दिया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये तत्पर हैं। नागरिक भी विधायक के पहल की सराहना कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जायेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव,विनोद चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृपाल द्विवेदी, इग्नासुस बाड़ा,विनोद सिंह, विवेकानंद यादव, सुनील द्विवेदी, सुशील कुमार यादव, बैजू गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, सत्येंद्र प्रसाद यादव,अभय कुमार लाल मौजूद रहे।

---

चिनियां में 10 उपभोक्ताओं के काटे गये कनेक्शन, दी गयी चेतावनी

# बकायेदारों के खिलाफ बिजली विभाग ने चलाया अभियान



पांच हजार से अधिक बिल बकाया होने पर भगमानिया देवी, बरमानंद तुरी, नवयन तुरी,भोदाली तुरिया मूंगा सिंह, रजकलिया देवी, सूर्यदेव सिंह व दीनदयाल सिंह के कनेक्शन काट दिये गये

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** बिजली बिल बकाया के खिलाफ विभाग ने सख्त रुख अख्तियार किया है। विभाग के वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार, विभाग के सिकंदर कुमार, विद्युत कर्मी तमजीत मंसूरी , सीमंत चंद्रवंशी व रघुनंदन सिंह ने चिनिया थाना के छतैलिया गांव में सघन अभियान चलाया। इस दौरान 10 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। पांच हजार से अधिक बिल बकाया होने पर भगमानिया देवी, बरमानंद तुरी, नवयन तुरी,भोदाली तुरिया, परवल तुरी, सुचिता देवी, मूंगा सिंह, रजकलिया देवी, सूर्यदेव सिंह व दीनदयाल सिंह के कनेक्शन काट दिये गये। कनीय अभियंता ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। जिन लोगों का बिजली बिल बकाया है। वे तत्काल अपना बिल जमा कर दें। चिनिया में प्रत्येक महीने की 28 तारीख को बिजली बिल जमा शिविर का आयोजन किया जाता है। यहां आकर उपभोक्ता अपना बिल आसानी से जमा करा सकते हैं। बिजली विभाग की कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

---

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम को दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुये स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को फूलमाला,बाबा बंशीधर की तस्वीर व अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। पदाधिकारियों ने कहा कि इससे जिले में कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनिल पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शहरी कुमार कनिष्क, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, सोनू सिंह, पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, उमेश पासवान, सुधीर कुमार, अविनाश कुमार, रामगति राम मौजूद रहे।



---

मांग पूरी नहीं कर पा रही कंपनियां, हर वर्ग दे रहा तरजीह

# समय के साथ लोगों में बढ़ रहा इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पेट्रोलियम पदार्थों की आसमान छूती कीमतों के बीच जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज बढ़ गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के कई प्रोपराइटर बताते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के अनुरूप कंपनियां आपूर्ति नहीं कर पा रही हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के साथ अब इलेक्ट्रिक व्हीकल के बढ़ रहे क्रेज और इंधन में कम खर्च के कारण पसंदीदा वाहन बन रहा है। जिला मुख्यालय के मां अंबे इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर चंदन कुमार बताते हैं कि हर महीने 15-20 इलेक्ट्रिक बाइक की बिक्री होती है। उन्होंने तीन साल पहले दुकान खोला है। जब से दुकान खोला है तभी से मांग के अनुरूप इलेक्ट्रिक बाइक ग्राहकों को नहीं मिल रही है। कंपनी मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि वह 20 प्रतिशत मांग ही पूरा कर पा रहे हैं। कंपनी की ओर से तैयार सभी ब्रांड नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि समय के साथ जिला मुख्यालय में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज बढ़ा है। वहीं दूसरी कंपनी के प्रोपराइटर सुनिल कुमार कश्यप बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग संतोषजनक है। वह जिस कंपनी का इलेक्ट्रिक स्कूटी बेचते थे उसके बैट्री में शिकायत आ रही थी। उक्त काण फिलहाल इलेक्ट्रिक बाइक बेचना उन्होंने बंद कर दिया है। उन्होंने बताया कि अच्छा उत्पाद मिले तो लोग रूचि से इलेक्ट्रिक स्कूटी या बाइक खरीदते हैं। उनकी दुकान से हर महीने 12-13 स्कूटी आराम से बिक जाता था। उधर साहिल ट्रेडर्स के प्रोपराइटर हासिम अंसारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी या बाइक की मांग जिले में हैं। लोग इलेक्ट्रिक बाइक खरीदना पसंद करते हैं। एक बार के चार्जिंग में 100 किमी आराम से चलता है। यह पेट्रोल के बाइक के बनिस्पत काफी कम खचीर्ला होता है। उक्त कारण लोग पसंद करते हैं। वह दुकान से मुख्य रूप से स्कूटी ही बेचते हैं पर ऑर्डर मिलने पर बाइक भी लाकर ग्राहकों को देते हैं। जिले में चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन की एजेंसी नहीं है। जिला मुख्यालय में एकाध लोगों के पास ही इलेक्ट्रिक कार है। उन्होंने उक्त कार की दूसरे शहरों से खरीद की है। परिवहन विभाग के अनुसार अबतक 50 इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। उनमें टू और थ्री व्हीलर शामिल हैं।

---

व्यवसायिक उपयोग के कारण गोविंद हाई स्कूल मैदान पर गड्ढे ही गड्ढे

# खेल मैदान के लिये तरस रहे जिले के खिलाड़ी



विद्यालय का खेल मैदान इन दिनों गड्ढों में तब्दील हो गया है। मैदान का उपयोग व्यवसायिक उपयोग के लिए किया जा रहा है। जिसके चलते खिलाड़ियों को खेलने से वंचित होना पड़ता है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के बीचोबीच गोविंद हाई स्कूल का खेल मैदान का उपयोग इन दिनों बच्चों के लिए खेलने के लिए नहीं किया जाता हैं। इस खेल मैदान में आए दिन कभी सब्जी दुकान तो कभी वाहन पड़ाव तो कभी विभिन्न तरह के सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं। विद्यालय का खेल मैदान इन दिनों गड्ढों में तब्दील हो गया है। मैदान का उपयोग व्यवसायिक उपयोग के लिए किया जा रहा है। जिसके चलते खिलाड़ियों को खेलने से वंचित होना पड़ता है। इस संबंध में खिलाड़ियों का कहना है कि पूर्व में यहां पर व्यवसायिक तौर पर मेले का आयोजन किया गया था। मेला समाप्त होने के बाद भी मैदान को पुराने स्वरूप में लाने के लिए रोलर नहीं चलाया गया। जिसके चलते मैदान में गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। सुबह और शाम में क्रिकेट और फुटबॉल का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों का कहना है कि वर्तमान में शहर में यही एक मात्र मैदान है। जहां पर खिलाड़ी अभ्यास करते हैं। मैदान का किसी भी तरह से व्यवसायिक उपयोग नहीं किये जाने को लेकर पूर्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा गया है।

### लंबे अर्से से खल रही मैदान की कमी

खिलाड़ियों का कहना है कि जिला मुख्यालय में खेल प्रतिभाओं का भंडार है, किंतु अभ्यास के अभाव में उन्हें समुचित मंच नहीं मिल पा रहा है। गोविंद हाई स्कूल मैदान पर अभ्यास करना खतरे से खाली नहीं है। खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन व मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

---

# डॉक्टर निर्भीक होकर करें काम पुलिस मदद करने को तैयार : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रभात मेडिकल सेंटर के 13वां स्थापना दिवस पर मेगा हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि पूर्व सिविल सर्जन डॉ उमेश्वरी कुमारी, डॉ एनके रजक, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, सचिव जेपी सिंह, डॉ मो यासीन अंसारी व भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक ने कहा कि गढ़वा जैसे छोटे शहर में इतनी बेहतर चिकित्सा व्यवस्था सुविधा से स्थानीय लोगों को सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर निर्भीक होकर काम करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस मदद को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब नया जेनरेशन गढ़वा जैसे शहर में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि दिल की बीमारी के अलावा कई ऐसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए गढ़वा के लोगों को रांची पटना और बनारस जैसे शहरों में जाना पड़ता था। बदले समय में अब गढ़वा में सभी तरह की सुविधाएं बहाल हो गई है।

---

# ससमय राशन वितरण नहीं करने वाले डीलरों पर करें अनुशासत्मक कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में गढ़वा जिलेभर में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास योजनाओं व विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से निर्वाचन, मनरेगा, राजस्व, कृषि, आपूर्ति, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, अबुआ आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, राजस्व, भू-अर्जन समेत अन्य विषयों व विभागों पर एक-एक कर प्राप्त प्रतिवेदन व संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी ली गई। साथ ही कार्यों की वर्तमान स्थिति व आगे की कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्ड निर्माण व राशन वितरण की जानकारी लिया। उपायुक्त ने जिन राशन डीलर द्वारा खाद्यान का वितरण ससमय नहीं किया जा रहा है, वैसे राशन डीलर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति व आगे की कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना को लेकर उपायुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जियो टैग करते हुए शत प्रतिशत स्वीकृत करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो उपस्थित थे।

---

### यातायात नियमों का पालन न करने से लग रहा जाम

**गढ़वा।** शहर में टेंपो चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रहा। उनके आगे किसी की नहीं चलती है। यातायात नियमों की वे परवाह नहीं करते। एकल मार्ग हो या नो इंट्री। सभी जगहों पर चालक टेंपो लेकर बेधड़क घुस जाते हैं। जहां-तहां गाड़ी पार्क करने से शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सुबह व शाम के समय जाम की समस्या आम हो गई है। जाम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों की गाड़ियां भी फंसी रहती हैं। सबसे ज्यादा दिक्कतें एंबुलेंस चालकों को होती है। जाम के कारण मरीजों की हालत खराब होने लगती है। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। रेलवे स्टेशन रोड, मेन रोड़,रंका चौक, सहिजना मोड़, चिनिया मोड, सदर अस्पताल, मंझिआव मोड, ब्लॉक, कचहरी, नवादा मोड़, सबसे अधिक मनमानी करते हैं। उक्त स्थानों पर टेंपो को सड़क पर खड़ा कर यात्रियों को बैठते रहते हैं। यात्रियों को बैठने में इतना अधिक मशगूल रहते हैं कि सड़क जाम से उनका कोई लेना देना नहीं होता। पुलिस के जवान भी मूकदर्शक बने रहते हैं। नगर परिषद द्वारा शहर में कुछ जगहों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। उसके लिए नगर परिषद की ओर से बोर्ड भी लगाया गया था पर उसका पालन नहीं हुआ। कुछ दिन बाद रंका मोड़, पोस्ट ऑफिस के सामने बने स्टेण्ड और यात्री शेड की जगह पर फल दुकान और ठेला लगा रहता है उसके कारण वाहन लगाने में लोगो को काफी दिक्कत होता है।

---

परेशानी

## अंचल अधिकारी को पत्रक सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने को ग्रामीण लामबंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के ओखरगाड़ा पश्चिमी पंचायत के दलेली गांव व अरंगी पंचायत के बौराहा गांव के ग्रामीण सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये लामबंद हो गये हैं। ग्रामीणों ने शनिवार को सीओ यशवंत नायक को लिखित आवेदन देकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने अवगत कराया है कि दलेली स्कूल से बसरिया स्कूल तक सड़क निर्माण का कार्य संवेदक मेसर्स नागेंद्र पांडे द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन संवेदक द्वारा जमीन की बगैर नापी के सड़क का निर्माण कराये जाने से ग्रामीणों को इसका समुचित लाभ मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है। कई जगह अतिक्रमण होने की वजह से जहां



सड़क संकरी हो गयी है। आये दिन दुर्घटनायें भी हो रही हैं। साथ ही सड़क का निर्माण कार्य भी प्राक्कलन के अनुसार नियमानुकूल नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने सीओ से मामले की जांच कराकर समुचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है। मौके पर मनोज कुमार सिंह कुशवाहा, पूनम देवी, संगीता कुमारी, इंद्रावती देवी, हरिहर चंद्रवंशी, रामकृष्ण मेहता, बादल कुमार पासवान, शमशेर अंसारी, जितनी देवी, सुनैना देवी, उर्मिला देवी, रोहन कुमार, कृष्ण सिंह सुनील कुमार, नंदू राम मौजद थे।

### जेइइ में सफल सौरभ को किया गया सम्मानित

गढ़वा। बीएनटी संत मैरी स्कूल से 2022 सीबीएसई बोर्ड बैच के टॉपर सौरभ कुमार सिंह ने एनटीए द्वारा आयोजित जेइई 2024 की परीक्षा में 99.49 परसेंटाइल अर्जित कर बड़ी सफलता हासिल की है। पहले ही प्रयास में देश के सर्वश्रेष्ठ नीट कॉलेज के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। शनिवार को प्रार्थना सभा में सौरव को विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी व प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भविष्य में अग्रिम सफलता की शुभकामनाएं दी गई। विदित हो कि सौरभ बेलचंपा निवासी मनोज कुमार सिंह का पुत्र है। वह सीबीएसई द्वारा आयोजित 12वीं बोर्ड की परीक्षा देने वाला है। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस वर्ष विद्यालय के 12वीं के मोहित कुमार 98.56, अमन तिवारी 98.2 व यज्ञानश ने 95 परसेंटाइल प्राप्त कर सराहनीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार की ओर से सीबीएसई के 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवाइयां

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सत्यम प्रकाश और ओखरगाडा पूर्वी पंचायत मुखिया अजीज अंसारी के सहयोग से पंचायत के वार्ड नंबर तीन में फाइलेरिया रोधी दवा खाने के दौरान आ रही समस्या का निदान कराया गया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा आयोजित सक्षम ग्राम पंचायत कार्यक्रम की बैठक में जीपीडीपी थीम और जीपीपीएफटी गठन को लेकर चर्चा हो रही थी। उसी दौरान मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य सहिया शोभा देवी, अफसाना बीवी के द्वारा डोर टू डोर भ्रमण में आ रही समस्या को उठाया गया। उसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखिया अजीज अंसारी और पिरामल टीम द्वारा भ्रमण किया गया। साथ ही अपनी देखरेख में पचफेरी और चटनियां टोला में 15 लोगों को एमडीए के तहत डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। सत्यम ने बताया कि सुदूर ग्रामीण इलाके में जन जागरूकता के अभाव के कारण लोगों में भ्रम देखा जा रहा है। मौके पर पिरामल फाउंडेशन की जयश्री देशमुख और स्वास्थ्य सहिया शोभा देवी व ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### सब्जी विक्रेताओं ने की मांग, बाजार शेड से हटाया जाए अतिक्रमण

**महुआडांड़।** प्रखंड में सब्जी विक्रेताओं ने शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे से मिलकर 84 डिसमिल में बने बाजार शेड से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी को आश्वासन दिया। अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा को निर्देशित करते हुए कहा कि बाजार में बने हुए शेड को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और अवैध तरीके से बाजार में रखे गुमटी वालों को नोटिस जारी किया जाए। वहीं सभी सब्जी वालों को अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द ही अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। सब्जी बिक्री करने के लिए बाजार दिया जायेगा।

### कार्य योजना तैयार करने को लेकर सदस्यों को प्रशिक्षण

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को ग्राम समृद्धि योजना को लेकर सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जीपीडीपी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना तैयार करने की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। प्रशिक्षण में जीपीएफटी के सदस्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, प्रशिक्षक प्रकाश राणा, पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, गिद्धौर उपमुखिया मंजू देवी आदि उपस्थित थे।

### सीडब्ल्यूसी ने चाइल्ड हेल्प लाइन के सदस्यों संग की समन्वय बैठक

**चतरा।** बाल कल्यान समिति (बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट) के चतरा जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में शनिवार को चाइल्ड हेल्प लाइन के कोआर्डिनेटर व कर्मियों के साथ समन्वय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बाल कल्याण समिति समिति (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष धनंजय तिवारी व संचालन श्वेता जायसवाल ने की। बैठक में तिवारी ने बाल हित पर चर्चा करते हुए सभी को संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए कार्य करने पर बल दिया। बाल हित से जुड़े सभी विभागों के हित धारोकों को 1098 पर प्राप्त सूचनाओं की जानकारी देते हुए कार्य करने की बात कही। इसके अलावे बाल श्रम, बाल विवाह के साथ कठीन परिस्थिति में रहने वालें बच्चों को चिन्हीत करने व जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी सीडब्ल्यूसी को देने का निर्देश दिया। वहीं जिले को बाल श्रम मुक्त करने को लेकर अभियान संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर चलाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य मुकेश कुमार पांडेय, पिंकी कुमारी, सीडब्ल्यूसी के सहायक रंजित कुमार यादव, चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक राज सिंह, प्रमर्शी पूजा कुमारी, सुपरवाइजर शंकर कुमार, रितेश कुमार, दीपक कुमार, केस वर्कर उपेंद्र कुमार, राहुल कुमार यादव, शालिनी कुमारी, पीएलवी सरोज ठाकुर व ऊषा देवी उपस्थित थे।

### आवास योजना का लाभ देने में गरीब परिवारों को नहीं मिल रही प्राथमिकता

# प्लास्टिक के कुम्बे में कई वर्षो से जीवन गुजार रहे हैं गरीब परिवार



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड की सिबला पंचायत के मकरा ग्राम निवासी गणेश तुरी, पिता चरका तुरी पिछले दस वर्षों से लकड़ी के सहारे प्लास्टिक का कुम्बा बनाकर परिवार के साथ रहने को विवश है। वह अब तक सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से परिजन काफी परेशान है। गणेश तुरी की पत्नी हेवन्ति देवी ने बताया हमलोग काफी गरीब हैं। मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण स्वयं से घर बना पाना संभव नहीं है। आज तक कोई सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिलने के कारण हमलोग प्लास्टिक के कुम्बे बनाकर रहते हैं। गर्मी में किसी तरह रह लेते हैं, परंतु बरसात के मौसम में घर में छोटे छोटे बच्चे को रखना मुश्किल हो जाता है। गरीबी के कारण मेरे बड़े भाई शम्भू तुरी बाहर काम करने गया था, जिसकी चार वर्ष पूर्व हैदराबाद में मौत हो गई थी। तबसे विधवा भाभी गेंदिया अपने छह सदस्यों के परिवार के साथ किसी तरह जीवन जी रही है। आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से दोनों परिवार काफी परेशान हैं। बताया कि संबंधित पंचायत मुखिया से लेकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हैं। प्रखंड कार्यालय से यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि अबुआ आवास का सूची ऊपर से आई है। अबुआ आवास की सूची में रेंक और स्कोर इतना अधिक है कि मुझे आवास मिलने में वर्षों लग जायेंगे। ऐसे में हमलोग रहेंगे कैसे? आपको बताते चलें कि आवास विहीन और विधवाओं को अबुआ आवास में प्राथमिकता मिलनी थी, परंतु बारियातु प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना की सूची में निहायत जरूरतमंद सूची में नीचे हैं। परिजनों ने उपायुक्त से अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगायी है।

### विद्युत चोरी मामले में 11 पर प्राथमिकी, 3.06 लाख का लगा जुर्माना

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के आमीन व पेकसा में शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में अवैध रूप से विद्युत की चोरी करते 11 लोग पकड़े गए। इस संबंध में कनीय अभियंता तरुण कुमार द्वारा संबंधितों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए 306291 रुपये का जुर्माना किया गया। बताया गया कि उक्त लोगों पर 252837 रुपये बिजली बिल बकाया है, जबकि 113454 रुपये जुर्माना लगाया गया है। अभियुक्तों में आमीन गांव के मोहन दांगी, हेमन दांगी, बारिसाखी के जगदीश साव, आशीष कुमार साव, पेक्सा के गौतम राणा, विजय शर्मा, गंगा राणा, बेनी महतो, मुकेश दांगी, प्रहलाद दांगी व संतोष दांगी के नाम शामिल हैं। छापेमारी दल में सहायक अभियंता हरिमोहन चौधरी, कनीय अभियंता विजय कुमार, विद्युत सहायक कर्मी संतोष कुमार, रमेश तिर्की, विकास कुमार, मनीष केसरी, पंकज कुमार, विकास कुमार, महावीर दांगी शामिल थे।

# कुंदा में छह मवेशियों की चोरी, सदमे में पशुपालक



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा** थाना क्षेत्र के डाडु गांव में पशुपालकों को आश्चर्यचकित कर देने वाली घटना घटी है। शुक्रवार देर रात सुरेश गंझू के घर से एक बैल, मसोमात धनकुमरिया देवी के दो बैल और एक गाय तथा मसोमात देवंती देवी के दो बैल कुल मिलाकर छह मवेशियों की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली। इसकी जानकारी पशुपालकों को तब हुई जब वह सुबह उठकर प्रत्येक दिन की तरह अपने पशुओं को देखने पहुंचे, तो पाया पशु गायब हैं और पशुओं में बंधा घाटी वही गिरा पड़ा है। पशुपालकों ने इस बाबत स्थानीय थाने में मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन दे दिया है। पशुपालकों ने अंचलाधिकारी से मुआवजे की मांग की है। मुखिया भरत यादव ने डांडू गांव पहुंचकर पशुपालकों को सरकारी प्रावधान के अनुरूप मदद करने का आश्वासन दिया है।

# रास्ते को लेकर धरना दे रहे लोगों से पंचायत प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**उपायुक्त गरिमा सिंह से हस्तक्षेप कर रास्ते की समस्या का समाधान करने का किया आग्रह**

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को प्रखंड स्तरीय बैठक में शामिल होने पहुंचे पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक शुरू होने से पहले प्रखंड मुख्यालय परिसर में विगत एक सप्ताह से रास्ते की मांग को लेकर धरना दे रहे अनुसूचित जाति परिवार के महिलाओं समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। धरने पर बैठे लोगों की समस्या से पंचायत प्रतिनिधि अवगत हुए और उनकी मांगों का समर्थन किया। धरना दे रहे अनुसूचित जाति के लोगों और भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता देवी, देवकी देवी, प्रीति देवी, रिंकी देवी, बीना देवी, अनीता देवी, भुखनी देवी, कुंती देवी, कुर्मी देवी, रुद्रा देवी, सुधनि देवी, तुलसी राम, विश्वनाथ बैठा ने बताया कि धरना स्थल पर एक बार अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक मिलने आए थे। हमने उन्हें बताया कि देवी मंडप में हम लोगों का आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। करीब पच्चीस तीस घर के लोग इस रास्ते से आना जाना करते हैं। हमने उनसे आग्रह किया कि हम लोगों के लिए आने जाने के लायक रास्ता छुड़वा दिया जाये। लेकिन धरने को एक सप्ताह होने को हैं लेकिन हमारी समस्याओं पर किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत प्रतिनिधियों ने जमीन मालिक से भी आने जाने के लिए रास्ता दिए जाने का आग्रह किया है। वहीं उपायुक्त गरिमा सिंह से इस पर हस्तक्षेप कर रास्ते की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है। मौके पर प्रमुख मनीषा उरांव, उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, पंसस अयुब खान, बलकु मुंडा, नीलम देवी, मनीता देवी, तारा देवी, शंकर गंझु, मनोहर भगत, अनुरोध कुजूर, बुधन गंझु, लीलामनी कुमारी, सुशीला टोपनो, संगीता देवी, रिंकी उरांव, सुनीता देवी, अनिता देवी, गीता देवी, अशोक भुइंया, लीलावती देवी, राजू उरांव, शिकेश्वर यादव, नागेश्वर गंझु, करण लोहरा आदि मौजूद थे।

### 'चंद्रवंशी समाज को सीएनटी एसपीटी एक्ट से मुक्त किया जाय'

**बरवाडीह।** गढ़वाटांड़ स्थित अनिल चंद्रवंशी के आवास पर शनिवार को प्रखंड चंद्रवंशी समाज अध्यक्ष संतोष चंद्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 25 फरवरी को लातेहार जिला मुख्यालय में होने वाले जरासंध महोत्सव सह चंद्रवंशी उलगुलान मिलन समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। चंद्रवंशी सेना के लातेहार जिला प्रमुख मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि उक्त समारोह में मुख्य रूप से सीएनटी एसपीटी एक्ट से चंद्रवंशी जाति को मुक्त करते हुए एससी एसटी के समान सुविधा उपलब्ध कराने, सीएनटी एक्ट प्रभावित जातियों में जमीन की खरीद बिक्री करने की छूट देने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद की जायेगी। मौके पर संजय चंद्रवंशी, बैजनाथ राम, रविंद्र चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिकों के बीच जीवन सहायता उपकरण का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
सादर प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 15 फरवरी को वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन सहायता उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा सुरजमुनि कुमारी, सादर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जिला समाज कल्याण विभाग चतरा द्वार 178 वरिष्ठ नागरिकों को जीवन सहायता उपकरण दिया गया। मंत्री ने विभाग की पहल की सराहना की। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ जनों का सम्मान करना हमारी संस्कृति व संस्कार का हिस्सा है।

### नारी शक्ति वंदन के तहत हुई कार्यशाला

**चंदवा।** पथ निर्माण विश्रामागार में शनिवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल कमेटी द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। मौके पर प्रदेश एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य देवमोहन सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जयराम साहू, मंजू सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा, आदर्श रवि राज, भाजपा मंडल मंत्री विभा देवी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी देवी, महिला मोर्च मंडल अध्यक्ष शशि देवी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष आशीष लाल, मंडल कार्यसमिति सदस्य चंद्रभूषण केसरी, पंचायत अध्यक्ष मुरारीलाल साहू, मनोज पाठक आदि मौजूद थे।

# 'अवैध खनन, परिवहन व भंडारण पर हो सख्ती'



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा किसी भी परिस्थिति में जिले में अवैध खनन परिवहन व भंडारण ना हो, इसके लिए जिला, अनुमंडल व अंचल स्तरीय टास्क फोर्स सक्रिय मोड में रहकर जिले में 24 घंटे औचक जांच अभियान चलाएं। अगर कोई भी अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करते पकड़ा जाता है तो वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करें। आगे उन्होंने उपस्थित सभी परियोजनाओं के प्रतिनिधि से कहा कि परियोजना से चलने वाली कोयला लोड वाहन में वाहन चालक के पास ट्रांसपोर्टिंग चलान रहे यह सुनिश्चित करें। जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा जानकारी दी गई कि पूर्व में सीसीएल चतरा को निर्देशित किया गया था कि सभी कांटाघरों का नियमित सत्यापन कराएंगे, जिसका नियमित अनुपालन कराया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा परियोजनाओं में चलने वाले वाहन में (वीटीडी) सिस्टम लगाते हुए वाहन की पूर्ण सूची खनन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। परियोजना से चलने वाले वाले वाहन रूट डायवर्शन की गाड़ी पर नियमसंगत कार्रवाई की जा रही है लेकिन परियोजना द्वारा प्रतिवेदन अप्राप्त है। वहीं निर्वाचन से संबंधित गठित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ निर्वाचन से संबंधित कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में एसपी राकेश रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का, खान निरीक्षक राजेश हशदा, एसडीपीओ चतरा आदि मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिला के मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित सभी लाभुकों/दुध उत्पादकों/पशु विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला स्तरीय पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 21.02.2024 को 11:00 बजे पशु शल्य चिकित्सालय कार्यालय, लातेहार (प्रखण्ड कार्यालय, लातेहार के बगल में) के प्रागंण में किया जा रहा है। जिसमें गौ–पालन से संबंधित स्टॉल यथा– विभागीय योजनाओं, पशु नस्ल एवं डेयरी फार्मिंग, दुग्ध उत्पादन को प्रभावित करने वाली प्रमुख बिमारियों, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन एवं मिलावट के प्रकार तथा चारा प्रबंधन एवं चारा संरक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को दुधारू पशुओं का वितरण भी किया जाना है।

अतः लातेहार जिला के मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत चयनित सभी लाभुकों/दुध उत्पादकों/पशु विक्रेताओं से अनुरोध है कि दिनांक 21.02.2024 को 11:00 बजे पशु शल्य चिकित्सालय कार्यालय, लातेहार (प्रखण्ड कार्यालय, लातेहार के बगल में) के प्रागंण में आयोजित मेला एवं प्रदर्शनी में भाग लेना चाहेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लातेहार

PR 319280 Animal Husbandry (23-24)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04RII/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ
दिनांक–16.02.2024

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/05/23-24 | छतरपुर | 1 | बारा (सिंघना) से लालगढ़ा भाया रिसीयपा एवं कउअल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1442.08 | चौदह करोड़ बैयालीस लाख आठ हजार रूपये। | 15 माह | प्रथम |
| | | छतरपुर | 2 | बी0टी0 पथ रबदा से कोरामी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 20.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 319354 Rural Development (23-24)_D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल, रंग–काला सिल्वर एस0टी0आर0)

गढ़वा थाना कांड सं0–48/24 दिनांक–23.01.2024 धारा–379, भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 न0– JH14J-1660, इंजन नं0–HA11EYMHL37080, चेचिस नं0– MBLHAW125MHL37080 को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 319347 (Police)23-24*D



GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division,
Medininagar

Very Short e-Quotation No. 06/2023-24

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 7.5 H.P. VT P/Set, 12.5 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 63 Amp main switch etc work of Untari Road Add joining Village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.
Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.02.2024 at 3.50 hrs.to 23.02.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 24.02.2024 at 3.30 Hours
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division, Medininagar (Palamau)

PR 319390 (District)23-24*D



झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय

अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लोहरदगा। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसो का तेल, चिनी एवं अन्य विविध सामग्री के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा (दिनांक–01.01.2024 से 31.03.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी | रु 5,000.00(पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–26.02.2024 से 04.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | तिथि–26.02.2024 से 04.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–05.03.2024 से 06.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन की राशि (EMD) (रु2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–05.03.2024 से 06.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–07.03.2024 को पूर्वाह्न–11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अध्यक्ष, कारा क्रय समिति–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकार का जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय/मंडल/उपकारा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No-9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

काराधीक्षक
मंडल कारा, लोहरदगा।

PR 319292 (Lohardaga) 23-24 (D)



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–23 (2023–24)

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय:– 26/02/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27/02/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय:– 27/02/2024 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल सं0–2, राँची द्वारा कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0 सं0–1 के स्थान पर।
8. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड केतार अन्तर्गत पर्यटन स्थल माँ चतुर्भुजी मंदिर केतार का (रख–रखाव, प्रबंधन एवं साफ–सफाई आदि ) जीर्णोद्धार कार्य। | ₹ 10,03,100/- | ₹ 20,100/- | ₹ 2500/- | 1 माह |
| 2 | प्रखण्ड नगर उँटारी अन्तर्गत पर्यटन स्थल राजा पहाडी मंदिर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण। | ₹ 10,05,300/- | ₹ 20,200/- | ₹ 2500/- | 1 माह |

परिमाण विपत्र की शर्तें:– परिमाण विपत्र क्रय हेतु बैंक ड्राफ्ट और आवेदन पत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग देना होगा, आचरण स्वच्छता (उपायुक्त द्वारा निर्गत आचरण स्वच्छता एक वर्ष के लिए वैधता होना अनिवार्य है) PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक का हीं डी0डी0/बी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.319323 Building Dept Circle - 2(23-24):D

## एक नजर

### बिजली चोरी को लेकर की गई छापामारी

**कैरो।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विधुत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल ने शनिवार को थाना क्षेत्र के कैरो पंचायत के उतका गांव में सघन छापामारी अभियान चलाया। बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले व मीटर से बाईपास कर बिजली का उपयोग करते रामकेश्वर साहू, महरंग साहू, तुलशी उरांव, मंगा उरांव, हीरू उरांव, सोम उरांव पर 135,137 के तहत कैरो थाना में मामला दर्ज कराया। इस दौरान मंजुल अंसारी, बैकुंठ शुक्ल, सोनू खान आदि मौजूद थे।

### बकरी का वितरण

**भंडरा।** प्रखंड के कचमची बाजार टाड़ में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत तक अनुदान पर चयनित प्रखंड के 12 लाभुकों को चार-चार बकरी एवं एक-एक बकरा का वितरण किया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार मुखिया टेले उरांव, प्रतिमा उरांव, सरस्वती उरांव, बसंती उरांव, सूरजमणि उरांव, आशी, जतरी उपस्थित थे।

### भंडरा में वाहन जांच अभियान चला

**भंडरा।** लोहरदगा से बेडो हाईवे में भंडरा प्रखंड कार्यालय के पास वाहनों की जांच की गई। इस जांच में विभिन्न वाहनों में कई तरह की कमी पाए जाने पर 26 हजार का चालान काटा गया। इस क्रम में सड़क सुरक्षा पदाधिकारी अमितेश गिरी ने बताया कि वाहन चालकों को पूरी कागजात लेकर चलने का निर्देश दिया गया। साथ ही चालान भी काटा गया। इस मौके पर गुलाब कुजूर, प्रमोद कुमार, आरक्षी वीरेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सुगासरवा को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने की दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान एवं प्रखंड प्रशासन की संयुक्त प्रयास से चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बरवेनगर पंचायत के ग्राम सुगासरवा गांव में ग्राम प्रधान जॉर्ज टोप्पो तथा जीप सदय मेरी लकड़ा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी सेविका रंजीता कुजूर, लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के प्रतिनिधि तूर मोहम्मद अंसारी, सोनामुनि हसद, जस्टिन मुर्मू एवं समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति रही। बैठक में सर्वसम्मति से गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम बनाने के लिए संकल्प लिया गया।

साथ ही बाल मजदूर बाल व्यापार, एवं बाल एवं शोषण की रोकथाम करने के करने



का निर्णय लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर सर्व सहमति से नियमावली तैयार की गई, जिसमें गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। सभी बच्चों को स्कूल में नामांकन कराया जाएगा। बच्चों से मजदूरी नहीं कराया जाएगा। किसी भी बच्चे की शादी निर्धारित उम्र से पहले नहीं की जाएगी। किसी भी बालिका या बालक का यौन शोषण होने से रोका जाएगा। उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन किए जाने पर संबंधित व्यक्ति या परिवार पर भारतीय संविधान के नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा सभी नियमों को शक्ति के साथ गांव में लागू करने का प्रस्ताव किया और ग्रामीणों ने भी अपनी सहमति दी। इस तरह सुगासरवा ग्राम को बाल विवाह मुक्त ग्राम घोषित किया गया। मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में कहा कि आप सभी लोग अपने बच्चों के बेहतर शिक्षा की ओर ध्यान दें। अगर बच्चे शिक्षित होंगे तो निश्चित ही हमारे समाज में फैली कुरितियां समाप्त होगी। इधर सभा के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों को फाइलेरिया की दवा भी खिलाई गई।

# सोनी बनी आंगनबाड़ी केंद्र गढ़कसमार की सेविका

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के गढ़कसमार में सेविका चयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें सेविका पद के लिये चार आवेदन आए, जिनमें शैक्षणिक आधार पर सोनी कुमारी का चयन किया गया। वहीं महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र गढ़कसमार की पूर्व सेविका मयन्ती कुजूर का कार्यकाल



के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिले के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर ग्राम सभा का आयोजन कर सेविका का चयन किया गया। मौके पर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा, पर्यवेक्षिका परमुनी देवी आदि उपस्थित थे।

# सूबे की जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी चंपई सोरेन सरकार

## लोहरदगा पहुचे मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव का हुआ जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव झारखंड सरकार में दूसरी बार मंत्री बनने के पश्चात लोहरदगा परिसदन पहुंचे, जहां कांग्रेसजनों व सामाजिक संगठनों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मंत्री ने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश पदाधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली है। मैं अपने कर्तव्य का निर्वहन तन मन धन से करूंगा। राज्य की जनता का प्रेम, स्नेह ही मेरा आशीर्वाद है। जब जब मुझे जिम्मेवारी मिली मैंने राज्य की जनता की सेवा ईमानदारी से की है। फलस्वरूप राज्य की जनता की सेवा के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे दूसरी बार जिम्मेवारी दी है



ताकि राज्य सरकार के विकास की गति को और बढ़ावा मिल सके। चंपई सोरेन सरकार झारखंड की जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी और हेमंत सोरेन के सपनों को पूरा करने का काम करेगी। सरकार जनता के भरोसे की सरकार है और विकास के पथ पर अग्रसर है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सलीम अंसारी बड़े, पंकज जयसवाल, सहादत हुसैन, सामुल अंसारी, सदरूल अंसारी, रविंदर सिंह खेरवार, डोमना उरांव, अनिस अहमद, तनवीर गौहर, सत्यदेव भगत, विनोद सिंह खेरवार, जुगल भगत, युनूस अंसारी, अनिल उरांव, सीमा परवीन, मुजमिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, संजय नायक, सुशीला देवी, अमृता भगत, सरिता देवी, दीपक जायसवाल, अफसर कुरैशी, सफदर आलम, सोमें उरांव, जलेश्वर उरांव, बिरसा उरांव, शिक्षक संघ के शैलेंद्र सुमन, आजाद खान, संतोषी उरांव, सनियारो उरांव, प्रमिला भगत, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष वासुदेव उरांव, परमेश्वर महली, राजू उरांव, राजश्री उरांव, सुमन उरांव, सोमदेव उरांव, सुखेंदर उरांव, पंकज उरांव, प्रकाश उरांव, फूलदेव उरांव, असलम अंसारी, कैश आलम, सैफ अहमद, दुर्गा उरांव, सुचित्रा भगत, सीता भगत, ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम इत्यादि मौजूद थे।

# झामुमो ने उदरंगी पंचायत में निकाला न्याय मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
झामुमो भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के नेतृत्व में भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत में न्याय मार्च निकाला गया। जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव ने कहा की न्याय मार्च से भाजपा का सफाया होगा। जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को ये पता नहीं कि झारखंड वासियों के दिलों में हेमंत सोरेन बसते हैं। रांची जाकर बहुत जल्द एक दिनी भूख हड़ताल करेगी। कहा कि एक आदिवासी मुख्यमंत्री को जेल भेजकर भाजपा आदिवासी के साथ शोषण करने का काम कर रही है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को जनता याद कर रही है। भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा का





सफाया होगा। न्याय मार्च में हमलोग एक-एक घर जाकर लोगों से मिलेंगे ओर भाजपा का घिनौना चरित्र के बारे में बताएंगे। मौके पर,झामुमो उदरंगी पंचायत अध्यक्ष खुर्सिद अंसारी, पंचायत सचिव सुखदेव उरांव, जीतवहान उरांव, मुमताज अंसारी, कुशी उरांव, सदिक अंसारी, रति उरांव, बुधदेव उरांव, तबरेज अंसारी, बालू उरांव, तस्वर अंसारी, रोजामत अंसारी, सफीर अंसारी, सुकरा उरांव, सीटीया उराईन, सूकरो उराईन, मंगरी उराईन, बुधनी उराइन, बिना उरांव आदि लोग मौजूद थे।

# डीडीसी ने किया घाघरा प्रखंड का निरीक्षण

**घाघरा।** डीडीसी दिलमेश्वर महतो ने शनिवार को घाघरा प्रखंड का निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने डीडीसी का स्वागत अपने कक्ष में किया। डीडीसी ने अबुआ आवास के निर्धारित लक्ष्य को लेकर आवास कर्मियों से समीक्षा की और निर्देश दिया कि शत प्रतिशत अबुआ आवास के लक्ष्य को पूरा करें। इस दौरान डीडीसी ने प्रखंड में आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार के साथ कार्यरत सभी कंप्यूटर सहायक से भी अबुआ आवास के डाटा अपलोड की जानकारी ली। बता दें कि आगामी 21 फरवरी को मुख्यमंत्री द्वारा अबुआ आवास की स्वीकृति प्रदान की जानी है। इसको लेकर घाघरा प्रखंड में अबुआ आवास की समीक्षा की गयी। बीडीओ ने निर्धारित तिथि तक घाघरा प्रखंड में अबुआ आवास के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही।

### शिवनंदन ने संभाला पीआरओ का पदभार



**लोहरदगा।** शिवनंदन बड़ाईक (झासूसे) ने शनिवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। बड़ाईक ने निवर्तमान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने से पदभार लिया। बड़ाईक इसके पूर्व जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, कोडरमा (अतिरिक्त प्रभार जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, चतरा) के रूप में पदस्थापित थे। जिले में इससे पूर्व भी बड़ाईक अगस्त 2016 से नवम्बर 2018 तक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (प्रभार) के पद पर पदस्थापित रहे थे।

### इफको ने किया किसान सभा का आयोजन

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के ग्राम हाट्टी कुम्बाटोली में एक वृहत किसान सभा का आयोजन इफको लोहरदगा द्वारा किया गया। इस सभा में अम्बेरा, कुम्बाटोली एवं आसपास के गांव के 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर इफको के प्रबंधक चंदन कुमार ने इफको नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के बारे में जानकारी दी। मौके पर इफको के यूके सिन्हा राज्य विपणन प्रबंधक मौजूद थे।

### अंजुमन के सदर व सेक्रेट्री को किया सम्मानित

**लोहरदगा।** अंसार पंचायत की बैठक शनिवार को हुई, जिसमें नव निर्वाचित सदर रऊफ अंसारी व सेक्रेट्री एस शाहिद अहमद बेलू, नाजिम अब्दुल जब्बार अंसारी, अंजुमन इस्लामिया चुनाव कन्वेनर अनवर अंसारी को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वाले में अंसार पंचायत के सरपरस्त हाजी शकील अहमद, पंचायत के अध्यक्ष मुमताज अहमद, हाजी सऊद आलम, इकबाल अंसारी, हाजी तौहीद आलम, जिलानी अंसारी, प्रवेज अंसारी आदि उपस्थित थे।

### अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लगाया गया कैंप

**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन ने शनिवार को लोहरदगा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र किस्को में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। ग्रामवासियों को जरूरत के अनुसार निःशुल्क सोलर लालटेन, डेगचा, फर्टिलाइजर, मच्छरदानी, छाता वितरित किए गए। युवापीढ़ी और छात्रों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रेरणादायी विषय पर लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त वहां पर डॉ. राजन कुमार द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया, जिसमें उनके द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयाँ बांटी गई। उपरोक्त सभी कार्यक्रम कमांडेंट राहुल कुमार की देखरेख में अनिल कुमार वर्मा, उप कमांडेंट, सीआरपीएफ 158 बटालियन द्वारा किया गया।

### जयंती पर वीर बुधु भगत को दी गई श्रद्धांजलि

**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता वीर बुधु भगत की जयंती पर जिले के किस्को प्रखंड में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आजसू पार्टी ने वीर बुधु भगत को याद किया। श्रद्धांजलि समारोह में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आज समाज को सही दिशा देने के लिए उनके दिखाए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, आजसू पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता साहू, किस्को महिला प्रखंड अध्यक्ष मुनिया देवी नगर कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डुस प्रसाद गुप्ता बुद्धिजीवी मंच के संजीव शर्मा, एन कुजूर, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार यादव, विजय कुमार, छात्रसंघ जिला अध्यक्ष आयुष मेहता, नगर प्रवक्ता समीर सौरव, छात्र संघ जिला सचिव आकाश मेहता, राजा साहू, फुलदेव नगेसिया, अनिकेत कुमार, राजकुमार साहूरोपा उराव, सुनीता उरांव, लक्ष्मी उरांव, अनूप उरांव, गहनी उरांव, अनीता उरांव, जयश्री उरांव, सीताराम उरांव, रामदेव ऊराव, शिव उरांव, मुन्ना उरांव, सोनू मेहता, सुजल कुमार, आलोक कुमार, मोहम्मद राजू आदि उपस्थित थे।

### धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसान धान की बिक्री करें

**सेन्हा।** सेन्हा पंचायत भवन में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान जायसवाल ने शनिवार को बैठक कर धान की पैदावार से लेकर धान बिक्री की जानकारी प्रखंड क्षेत्र के किसानों से ली। डीएसओ ने कहा कि सेन्हा स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र लैम्प्स में ही किसान धान की बिक्री करें। जिसका पंजीयन नहीं हुआ है वह भूमि का सत्यापन कराकर धान अधिप्राप्ति केंद्र में जमा करें। उन्होंने कहा कि लोहरदगा से प्रतिदिन धान दूसरे प्रदेश जा रहा है। जमाखोरी करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।

# घाघरा थाना क्षेत्र की युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया में अनिभा कुमारी (20) ने अपने घर के छत से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस संबंध में मृतका के भाई अनुज उरांव ने बताया कि वह क्रिकेट खेलने गया था। घर लौटा तो देखा कि घर के सारे दरवाजे बंद थे। अनुज सीढ़ी के सहारे छत पर चढ़ कर घर के अंदर पहुंचने पर देखा कि उसकी बहन अनिभा छत के सहारे फांसी लगा ली है। पुलिस घटनास्थल पहुंच शव पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।


GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

**Very Short e-Quotation No. 07/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 50 H.P. VT P/Set, 20 H.P. C/F Pump Set, 25 H.P. C/F Pump Set, 40 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 200 Amp main switch etc work of Lesliganj add joining village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.02.2024 at 3.30 hrs.to 23.02.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 24.02.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 319391 District(23-24)D



कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं0 16/2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में शौचालय की टंकी की सफाई हेतु अवस्थित खराब पड़े SEPTIC TANK CLEANER की मरम्मति अविलम्ब की जानी है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्म/मैकेनीक (मिस्त्री) से दिनांक 26.02.2024 तक खराब पड़े SEPTIC TANK CLEANER की मरम्मति हेतु स्थल निरीक्षण के उपरान्त पूर्ण विवरणी एवं सभी कर सहित अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। कोटेशनदाता से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। कार्यादेश निर्गत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर उपरोक्त सफाई संयत्र की मरम्मति करना आवश्यक होगा। साथ ही SEPTIC TANK CLEANER की मरम्मति के उपरान्त 15 दिनों तक सही संचालित होने पर कनीय अभियंता नगर पंचायत लातेहार से सही संचालन का प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त ही विपत्र का भुगतान सभी कर की कटैती करते हुए किया जायेगा। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ पैनकार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, जी0एस0टी0 3B रिर्टन एवं मरममति कार्य पर होने वाले व्यय की पूर्ण विवरणी (सभी कर सहीत) के साथ जमा करना आवश्यक होगा। इस संबंध में विशेश जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में संदीप बेदिया, कनीय अभियंता नगर पंचायत लातेहार से ली जा सकती है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 319321 (Urban Development)23-24*D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09RI/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ
दिनांक–16.02.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/ST PKG/11/23-24 | पाटन | 1 | सिक्की कला महेन्द्र मोड़ से कांके कला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 5.20कि0मी0 | 1191.151 | ग्यारह करोड़ एकान्वे लाख पन्द्रह हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | पाटन | 2 | सिरमा पी0डब्लू0डी0 रोड से लोईंगा भाया धनगांई सहदेवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 10.50कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 3 | L046 बी0टी0 रोड मनिका से डंडई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.90कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 4 | किषुनपुर बी0टी0 रोड से डिहरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 5 | बी0टी0 रोड किषुनपुर से ग्राम दरहा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.65कि0मी0 | | | | |
| | | पाटन | 6 | L057 जंघासी से कुम्हवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.60कि0मी0 | | | | |
| 2 | RWD/DALTONGANJ/ST PKG/12/23-24 | सतबरवा | 1 | एन0एच0–75 से लंक 1 भाया पिपराकला, हड़वाचट्टान, राखीकला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 11.40कि0मी0 | 1125.706 | ग्यारह करोड़ पच्चीस लाख सत्तर हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | सतबरवा | 2 | ट्रेनिंग स्कूल पोंची से लेदवाखांड़ भाया मानासोती बारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 9.717कि0मी0 | | | | |
| क्र0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
| 3 | RWD/DALTONGANJ/ST PKG/13/23-24 | चैनपुर | 1 | पतरिया कलां से गंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.80कि0मी0 | 1044.452 | दस करोड़ चौवालीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| | | चैनपुर | 2 | पथरा से भैरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 3.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | लिधकी (पूरबडीहा) से चेड़ाबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | लाली से बहेरा खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड खुरा षिव बेल बाजार चौक से बहेरा होते हुए बरकत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 4.24कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 6 | बोकया कलां से दुलही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 7 | केवाल पर संजय डॉक्टर के घर से झरिवा नाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 8 | रामपुर (पुरबडीहा) से लोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.60 कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 9 | मंझीगांवा लिधकी रोड से मझिगांवा तालाब तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.235कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 07.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR.NO.319355 Rural Development(23-24):D



झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (4th Call)
**PR No. 314100 Dated 22.12.2023**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 328/2023-24 — दिनांक :- 17.02.24

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-LOH-03 /2023-24 | लोहरदगा | 1 | नगरा से बसरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.040 कि०मी०) | 1723.608 | सत्रह करोड़ तेईस लाख साठ हजार आठ सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | लोहरदगा | 2 | स्टेट हाईवे से डुमरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –5.030 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 3 | नदी नगड़ा से लावागायें तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –4.700 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 4 | टंगराटोली से बैजवाली पथ का अवषेष भाग तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–0.800 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 5 | मुन्डो से ईटा सिम्बुटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–8.030 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 6 | वाईना से बक्सी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.210 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 7 | स्टेट हाईवे से नदी नगड़ा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.615 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 8 | भुजनिया से मुंडो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.080 कि०मी०) | | | |
| | | लोहरदगा | 9 | रामपुर मंदिर से अहनू चौक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०) | | | |
| | | लेहरदगा सदर | 10. | कुरसे हॉस्पिटल से दोरहा पुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.400 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–20.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 26.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–27.02.2024 ,अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 319387 (Rural Work Department)23-24*D

## आज कल

# दुल्हनों को छोड़कर भागने वाले दूल्हे की अब खैर नहीं


किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तरपर नारी को सबसे अधिक सम्मान और पूजनीय के स्थान का दर्जा भारत को आदि अनादि काल से मिला हुआ है। यहां नारी को मां काली मां, लक्ष्मी मां, दुर्गा मां सरस्वती सहित अनेक देवी शक्तियों के स्थान प्राप्त हैं। परंतु फिर भी हम देखते हैं कि नारी अत्याचार के केस शादी धोखाधड़ी, रेप,अन्याय के केस बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल में संदेशखाली महिला यौन उत्पीड़न का मामला पूरे देश में गूंज रहा है। अनेक आंदोलन हो रहे हैं सभी पार्टियां अपने-अपने ढंग से प्रोटेस्ट कर रही है। वहीं हम लंबे अरसे से देख रहे हैं कि भारत की बेटियों के साथ एनआरआई ओसीआई द्वारा खूब ख्याली ख्वाब दिखाकर शादी की जाती है, फिर उन्हें या तो विदेश ले जाकर कुछ महीने बाद छोड़ दिया जाता है या फिर विदेश नहीं ले जाकर वहां ले जाने के ख्वाब दिखाकर रफू चक्कर हो जाने के मामले हम प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अक्सर देखते रहते हैं, जिसपर सरकार ने संज्ञान लेकर लॉ कमीशन को रिपोर्ट के लिए सेवा नृत्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थ। अब लॉ कमीशन ने दिनांक 16 फरवरी 2024 को देर शाम केंद्रीय कानून मंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अब आने वाले समय में हम देखेंगे कि एनआरआई और ओसीआई द्वारा भारतीय बेटियों के साथ वैवाहिक धोखाधड़ी रोकने कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। अब शादी के बाद पत्नी छोड़कर जाने वाले एनआरआई दुल्हनों पर सख्त गाज गिरेगी। चूंकि लॉ कमीशन ने अब कानून मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। भारतीय दुल्हनों को छोड़कर भागने वाले एनआरआई ओसीआई दूल्हों की अब खैर नहीं, लॉ कमीशन ने रिपोर्ट सौंप दी है, इसलिए अब भारतीय बेटियों से वैवाहिक धोखाधड़ी करने वाले एनआरआई और ओसीआई को भारतीय कानून के सख्त दायरे में लाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम लॉ कमीशन द्वारा कानून मंत्रालय को दिनांक 16 फरवरी 2024 को देर शाम सौंपी रिपोर्ट की करें तो, विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस (सेवानिवृत्त) ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से व्यापक होना चाहिए। विधि आयोग का कहना है कि नॉन रेजिडेंस इंडियन और भारतीय नागरिकों के बीच सभी शादियों को अनिवार्य रूप से भारत में रजिस्टर्ड किया जाना चाहिए। कानून और न्याय मंत्रालय को सौंपी गई एक रिपोर्ट में लॉ कमीशन ने सिफारिश की है कि झूठे आश्वासन, गलत बयानी और शादी के बाद छोड़ देने जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कदम बेहद जरूरी है। हालही में कई ऐसे मामले सामने आये हैं जहां, उनके पतियों द्वारा उन्हें छोड़ दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है एनआरआई द्वारा भारतीय पार्टनर्स से शादी करने के मामलों में धोखाधड़ी वाली शादियों की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो चिंता का विषय है। कई रिपोर्ट्स इस बढ़ते पैटर्न को उजागर करती हैं जहां ये शादियां धोखा साबित हुई हैं, जिससे भारतीय पार्टनर, विशेषकर महिलाओं को मुश्किल परिस्थितियों में डाल दिया जाता है। आगे यह सिफारिश की गई है कि एनआरआई/ओसीआई और भारतीय नागरिकों के बीच सभी शादियों को भारत में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाना चाहिए। पैनल ने सिफारिश की है कि नये कानून में तलाक, जीवनसाथी के भरण-पोषण, बच्चों की कस्टडी और भरण-पोषण और एनआरआई और ओसीआई पर समन, वारंट या न्यायिक दस्तावेजों की तामील के प्रावधान भी शामिल होने चाहिए। कानून में बदलाव की सिफारिशइसमें कहा गया है कि वैवाहिक स्थिति की घोषणा, एकपति-पत्नी के पासपोर्ट को दूसरे के साथ जोड़ना और दोनों पति-पत्नी के पासपोर्ट पर मैरिज रजिस्ट्रेशन नंबर का उल्लेख करना अनिवार्य करने के लिए पासपोर्ट एक्ट 1967 में आवश्यक संशोधन किये जाने की आवश्यकता है।

# कृषि अवसंरचना कोष : भारत के कृषि-भविष्य के लिए एक उत्प्रेरक


***भारत*** का कृषि क्षेत्र, इसकी अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और 55% से अधिक आबादी की आजीविका को प्रभावित करता है, जो इसे राष्ट्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश होने के बावजूद, इस क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर फसलोत्तर प्रबंधन और बाजार पहुंच संबंधी। इन चुनौतियों को समझते हुए, माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जुलाई 2020 में कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) का शुभारंभ किया, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाकर, घाटा कम करना और नवाचार को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। एआईएफ योजना के उद्देश्य स्पष्ट और प्रभावशाली थेः मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण जुटाना, फार्म गेट बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, फसलोत्तर नुकसान को कम करना और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में निवेश और नवाचार को बढ़ावा देना। एआईएफ सिर्फ एक निवेश नहीं था; यह परिवर्तन की प्रतिबद्धता थी। वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2025-26 तक लक्षित मंजूरी और संवितरण के साथ, इस योजना को वित्तीय सहायता तंत्र के सम्मिश्रण के रूप में पेश करने के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें 3% ब्याज छूट और क्रेडिट गारंटी कवरेज शामिल है, जिससे वृद्धि और विकास के लिए मजबूत आधारशिला तैयार हो सके। एक लाख करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी वित्तीय परिव्यय के साथ, इस योजना ने किसानों, सहकारी समितियों और कृषि उद्यमियों के लिए नये क्षितिज खोलते हुए, ब्याज छूट, क्रेडिट गारंटी और लाभों के अभिसरण की पेशकश की है। समय के साथ जैसे ही एआईएफ ने लोकप्रियता हासिल की, भारत के कृषि परिदृश्य में एक उल्लेखनीय परिवर्तन दिखना शुरू हो गया। फंड के तहत 15 फरवरी, 2024 तक 52,671 परियोजनाओं के लिए 37,653 करोड़ रुपये मंजूर किये गये, जबकि 23,000 करोड़ रुपये का वितरण करते हुए इस क्षेत्र में 63,580 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया गया। पंजाब के हरे-भरे खेतों से लेकर तमिलनाडु के उद्योगी खेतों तक, कस्टम हायरिंग सेंटर, गोदामों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं सहित असंख्य परियोजनाएं सामने आईं, जिनमें से प्रत्येक कृषि के कायाकल्प के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एआईएफ ने 11, 434 कस्टम हायरिंग सेंटर, 11, 284 गोदाम और 1,549 कोल्ड स्टोर परियोजनाओं सहित 51,248 फसलोत्तर और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के निर्माण हेतु सुविधा प्रदान की है। यह बुनियादी ढांचा विकास फसलोत्तर नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बाजार पहुंच को सुविधाजनक बनाने वाली थी, जिससे 11 एलएमटी खाद्यान्न की अनुमानित वार्षिक बचत हुई और बागवानी फसलों के उपज के बाद के नुकसान में 2.7 एलएमटी की कमी आई है। इसके अलावा, यह अनुमान लगाया गया है कि एआईएफ के तहत बनाये गये बुनियादी ढांचों के कारण किसानों को उनकी उपज के लिए 11-14% अधिक कीमत मिल सकती है। एआईएफ का गहरा प्रभाव रहा है। गांवों में, जहां अन्न भंडार भरने लगे, शीत भंडारों में परिश्रम के उत्पाद संरक्षित होने लगे और फसलोत्तर नुकसान में कमी आने लगी। बेहतर बुनियादी ढांचे से संपन्न किसानों ने पाया कि उनकी उपज को अधिक कीमत मिल रही है, उनकी आय मानसूनी नदियों की तरह बढ़ रही है। 24,000 से अधिक कृषि-उद्यमियों के नींव द्वारा 5.1 लाख से अधिक रोजगार के अवसरों के सृजन ने समृद्धि के युग की शुरूआत कर दी है। परोक्ष में, रणनीतियों की एक सहवादन बजती रही। एआईएफ का ऑनलाइन पोर्टल डिजिटल स्थल बन गया जहां अनुप्रयोग अंकुरित और फलीभूत हुये। सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान विकसित हुये, जबकि सम्मेलनों और प्रदर्शनियों ने इस बात को दूर-दराज तक फैलाया। सावधानीपूर्वक देखभाल की गई फसल की तरह प्रत्येक पहल ने योजना की बढ़ती सफलता में योगदान दिया। एआईएफ पोर्टल पर लगभग 0.99 लाख बैंक शाखाओं का एकीकरण हुआ और इसमें 1.27 लाख पंजीकृत आवेदक हैं, यह पोर्टल लाभार्थियों, ऋण देने वाली संस्थाओं और योजना में शामिल अन्य महत्वपूर्ण हितधारकों के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में खड़ा है। यह पारदर्शिता को बढ़ावा देने के साथ ऋण आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, यह सुनिश्चित करता है कि सभी पक्षों को अपनी वित्तीय बातचीत के लिए एक सहज, कुशल तंत्र तक पहुंच प्राप्त हो। जैसे-जैसे एआईएफ की कहानी भारत की कृषि चित्रपट पर सामने आती है, यह आशा और प्रगति की कहानी बुनती है। बेहतर बुनियादी ढांचे, घाटे में कमी और सशक्त किसानों द्वारा चिह्नित इस योजना की विरासत एक ऐसे भविष्य का वादा करती है जहां भारत में कृषि केवल अस्तित्व का साधन नहीं बल्कि एक संपन्न, जीवंत क्षेत्र है। और इस भविष्य में, जैसे ही सूरज खेतों पर निकलता है, यह परिवर्तित भूमि को रोशन करता है, जो कृषि अवसंरचना कोष के पानी से सिंचित भारत और इसके किसानों की स्थायी भावना का एक प्रमाण है।

■ **दीपक पारीक**



**लेखक के बारे में** **दीपक पारीक एक कृषि अर्थशास्त्री, एक सीरियल उद्यमी, निवेशक और कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में पारिस्थितिकी तंत्र निर्माता हैं। इनके पास विभिन्न परियोजनाओं पर 34 देशों में काम करने का 25 वर्षों का विविध अनुभव है। वह विश्व आर्थिक मंच, यूएनडीपी और विभिन्न वैश्विक संगठनों द्वारा सम्मानित एक सुशोभित टेक्नोक्रेट हैं। वह कृषि और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विभिन्न निजी, सार्वजनिक और बहुपक्षीय संगठनों को भी सलाह देते हैं।**

# शब्दों का ही मेला है यह सारा संसार


हृदयनारायण दीक्षित

***शब्दों*** की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।'' मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं। पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है। पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं। पुस्तक रचनाकार की अन्तकार्या होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था ''यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा।'' कालिदास, तुलसी, निराला, पीबी शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं। पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है।

**विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।'' मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद।**

## बदलाव

# सभी का विकास, सभी का विश्वास


संजय तिवारी

***अभी*** केवल सात वर्ष ही हुए हैं। बीमार उत्तर प्रदेश अब विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय ब्रॉन्ड बन कर उभर रहा है। ब्रॉन्ड योगी जैसे सात्विक और सतत क्रियाशील नेतृत्व ने इस अति पिछड़े और माफियाओं की जकड़ में घुट रहे प्रदेश को आज ब्रॉन्ड यूपी बनाकर दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व की औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक संस्थाएं उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और लाखों करोड़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव पड़ रही है। 2017 के बाद 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग है। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और श्रम की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था उत्तम हो। सामान्य जन सुरक्षित महसूस करें। कोई भी औद्योगिक इकाई या व्यापारिक गतिविधि तभी सफल होकर परिणाम दे सकती है। 2017 से पूर्व इस प्रदेश में ऐसी सोच की कल्पना भी संभव नहीं थी। बड़े उद्योग अथवा व्यापार के लिए तो परिवेश ही नहीं था। सत्ता माफिया के साथ रहती थी। अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग किस्म के माफिया के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सत्ता में इनका दबदबा था। कानून व्यवस्था सम्हालने वालों को इनके इशारे पर काम करना पड़ता था। प्रदेश भारी कर्ज की बोझ में दबा था। इस प्रदेश के प्राण तत्व स्वरूप जो स्थल थे वहां की हालत जर्जर थी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग, नैमिशरण्य और विंध्य क्षेत्र जैसे स्थल तो सरकार की दृष्टि में ही नहीं थे। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जब इस प्रदेश की कमान अपने हाथ में ली तो कथित राजनीति के रणनीतिकार कुछ समझ ही नहीं पाये। उन्हें लगा कि एक संन्यासी भला 26 करोड़ रुपये की आबादी वाले इस प्रदेश को कहां लेकर चल पायेगा। यहीं उन राजनीतिक पंडितों से चूक हो गई। योगी आदित्यनाथ की शक्ति और उनके ध्येय वाक्य से वे परिचित नहीं थे। योगी हमेशा कहा करते थे कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है। उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की 26 करोड़ जनता का विश्वास लेकर प्रदेश को बीमारू राज्य से निकाल कर यहां रामराज्य का वातावरण गढ़ दिया है। इस बार तो उन्होंने उत्तर प्रदेश का बजट भी श्रीराम के चरणों में ही समर्पित कर दिया है। उत्तर प्रदेश में चौथी बार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी होने जा रही है। लाखों करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक उत्तर प्रदेश चमक रहा है। वैश्विक परिवेश के वैश्विक आयोजन हो रहे हैं। अभी केवल सात वर्ष पहले जो प्रदेश हिंसा, नफरत और साम्प्रदायिकता की आग में जल रहा था, आज तस्वीर बदल चुकी है। योगी का वह विश्वास हर ओर स्थापित होता दिख रहा है कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# रामकृष्ण परमहंस ब्रह्मर्षि, देवर्षि एवं त्रिकालदर्शी थे


ललित गर्ग

***अंगुलियों*** पर गिने जाने योग्य कुछ महान व्यक्तियों को समय-समय पर भारत की रत्नगर्भा वसुंधरा ने पैदा किया, जिनकी आध्यात्मिक चेतना एवं सिद्धियों से समूची दुनिया चमत्कृत होती रही है। जो युग के साथ बहे नहीं, युग को अपने बहाव के साथ ले चले। ऐसे लोग सच्चे जीवन के धनी और जीवन-चैतन्य से ओतप्रोत है। वे स्वयं आगे बढें, जन-जन को बढ़ाते चलें। ऐसे महापुरुषों-युगपुरुषों-युगांतरकारी सिद्धपुरुषों का जीवन साधनामय होता है और जन-जन को वे साधना की पगडंडी पर ले जाते हैं, प्रकाश स्तंभ की तरह उन्हें जीवन पथ का निर्देशन देते हैं एवं प्रेरणास्रोत बनते हैं। जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कर्तृत्व से न सिर्फ स्वयं को प्रतिष्ठित किया वरन उनके अवतरण से समग्र विश्व मानवता धन्य हुई है। इसी संतपुरुषों, गुरुओं एवं महामनीषियों की श्रृंखला में एक महापुरुष हैं रामकृष्ण परमहंस। स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक महान संत, उच्चकोटि के साधक, विचारक, समाज सुधारक एवं सिद्धपुरुष थे। वे स्वयं भगवान नहीं थे, लेकिन भगवान से कम भी नहीं थे। उनका जन्म फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि यानी 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में हुआ था। जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गये थे कि कुछ शुभ होने वाला हैं। इनके पिता ने सपने में भगवान विष्णु को अपने घर में जन्म लेते हुए देखा तथा माता को शिव मंदिर में ऐसा प्रतीत हुआ कि एक तीव्र प्रकाश इनके गर्भ में प्रवेश कर रहा हैं। इस साल 2024 में उनकी 189वीं जयंती व्यापक स्तर पर मनायी जा रही है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। भारत का जन-जन रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना का साक्षी है, उनकी गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त है यहां की माटी और धन्य है यहां की हवाएं जो इस भक्ति और साधना के शिखरपुरुष के योग से आप्लावित है। संसार के पूर्णत्व को जो प्राप्त हैं, उन इने-गिने व्यक्तियों में वे एक थे। उनका जीवन ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का समन्वय था। यो तो रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। जिनमें एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गुरु तोतापुरी सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को परमशिव के निराकार रूप के साथ पूर्ण संयोग की दीक्षा दी। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की ही आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। मां से सीधा उनका साक्षात्कार एवं संवाद होता था। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उन्हें अपना गुरु मान लेते थे। उनके शिष्यों की भी लम्बी श्रृंखला है, जिनमें स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। ईश्वरचंद्र विद्यासागर, विजयकृष्ण गोस्वामी, केशवचन्द्र सेन जैसे बंगाल के शीर्ष विचारक उनसे प्रेरणा प्राप्त करते थे। उन्होंने खुद एवं अपने शिष्यों के माध्यम से सारा जीवन निःस्वार्थ मानव सेवा के लिये व्यतीत किया, इनके विचारों का न केवल बंगाल के बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के बुद्धिजीवियों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा तथा वे सभी इन्हीं की राह पर चल पड़े। रामकृष्ण परमहंस ने भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित करने की जागृत प्रेरणा दी। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। अध्यात्म और संस्कृति के वे प्रतीकपुरुष हैं। जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। इन्होंने सभी धर्मों और जातियों की एकता तथा समानता हेतु जीवनभर कार्य किया, परिणामस्वरूप इन्हें राम-कृष्ण नाम सर्व साधारण द्वारा दिया गया एवं इनके उदार विचार एवं व्यापक सोच के प्रति सभी समभाव रखते थे इसी कारण उन्हें परमहंस की उपाधि प्राप्त हुई। इन्होंने मुस्लिम तथा ईसाई धर्म की भी साधनाएँ की और सभी में एक ही ईश्वर को देखा। परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गये थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है। श्री रामकृष्ण परमहंस की भक्ति एवं साधना ने हजारों-लाखों को भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर किया। उनके जादुई हाथों के स्पर्श ने न जाने कितने व्यक्तियों में नयी चेतना का संचार हुआ, उन जैसे आत्मद्रष्टा ऋषि के उपदेशों का अचिन्त्य प्रभाव असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर पड़ा। उनके प्रेरक जीवन ने अनेकों की दिशा का रूपान्तरण किया। उनकी पावन सन्निधि भक्ति, साधना एवं परोपकार की नयी किरणें बिखेरती रही अतः वे साधक ही नहीं, साधकों के महानायक थे। वे ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे- साधना-भक्ति के नये-नये प्रयोगों का आविष्कार किया इसलिये ब्रह्मर्षि और ज्ञान का प्रकाश बांटते रहे इसलिये देवर्षि। माँ काली की कृपा से वे त्रिकालदर्शी महापुरुष बन गये थे। स्वामी विवेकानंद उनके प्रमुख शिष्य थे, उनके विचारों तथा भावनाओं का स्वामीजी ने सम्पूर्ण विश्व में प्रचार किया तथा हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति की अतुलनीय परम्परा को प्रस्तुत किया। स्वामीजी ने परमहंस जी के मृत्यु के पश्चात रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो सम्पूर्ण विश्व में समाज सेवा, शिक्षा, योग, हिन्दू दर्शन पर आधारित कार्यों में संलग्न रहती हैं तथा प्रचार करती हैं, इनका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में हैं। रामकृष्ण परमहंस, ठाकुर नाम से जाने जाने लगे थे, बंगाली में ठाकुर शब्द का अभिप्राय ईश्वर होता हैं, सभी उन्हें इसी नाम से पुकारने लगे थे। उन्होंने स्वयं ही प्रेरक जीवन नहीं जीया, लोकजीवन को ऊंचा उठाने का जो हिमालयी प्रयत्न किया है, वह भी अद्भुत एवं विस्मयकारी है। ऐसे दिव्य संतपुरुष की नया भारत-सशक्त भारत में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके जन्म दिवस श्रद्धासुमन समर्पित है।




**जन्म**
**फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि यानी 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में हुआ था। जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गये थे कि कुछ शुभ होने वाला है।**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी**

# सीएम योगी ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए कई दिशा-निर्देश

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दशार्या जाएगा**



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हॉल और मंच का निरीक्षण किया। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। कार्यक्रम में दुनिया भर के 3,000 से अधिक प्रतिभागियों के आने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नए इनोवेशन के जरिए एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दशार्या जा रहा है। इसके तहत स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दशार्या जाएगा। पिछले वर्ष फरवरी माह में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इस आयोजन के मात्र एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने का दावा कर रही है। इससे 34 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध होने के साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं साकार होंगी।

# एनआईए ने एलटीटीई को सक्रिय करने की साजिश में 14वें आरोपित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने श्रीलंका और भारत में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल इलम (एलटीटीई) को सक्रिय व मजबूत करने के मामले में 14वें आरोपित के खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया है। एनआईए ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि यह आरोप-पत्र लिंगम ए उर्फ आदिलिंगम के खिलाफ दायर किया गया है। इस मामले में अब तक 16 लोग आरोपित हैं। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि नशीली दवाओं और हथियारों के अवैध व्यापार के माध्यम से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को सक्रिय व मजबूत करने की साजिश रचने के आरोप में आदिलिंगम आरोपित है। आदिलिंगम ने नशीली दवाओं की बिक्री से प्राप्त हवाला धन के संग्रह के लिए एक एजेंट के रूप में भी काम किया था, जिसे एलटीटीई की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हस्तांतरित किया जा रहा था। एनआईए के आरोप-पत्र के मुताबिक आदिलिंगम तमिल फिल्म उद्योग में प्रोडक्शन एक्जीक्यूटिव के रूप में काम कर रहा था जबकि वह गुप्त रूप से प्रमुख एलटीटीई नेताओं व कैडरों और ड्रग तस्करों के प्रमुख संचालक के रूप में काम कर रहा था, जिसमें श्रीलंका के नागरिक गुनासेकरन और उनके बेटे थिलिपन भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 15 जून, 2023 को एनआईए ने 13 आरोपितों के खिलाफ विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था।

## दिल्ली के द्वारका में कार पर फायरिंग, पुलिस रंगदारी के प्रयास की जांच कर रही



**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में एक मेडिकल स्टोर मालिक की कार पर फायरिंग की गई। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि पुलिस व्यक्तिगत दुश्मनी और जबरन वसूली सहित सभी एंगल से घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को जेपी कलां पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि किसी ने रात के समय उनकी कार पर दो राउंड फायरिंग की है। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि काजीपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय के पीछे सड़क किनारे एक महिंद्रा स्कॉर्पियो खड़ी थी। द्वारका के डीसीपी अंकित सिंह ने कहा, "ड्राइवर साइड का शीशा टूट गया था। दो गोलियां बायीं तरफ के सामने के दरवाजे पर लगी। डीसीपी ने कहा, "कार मालिक जितेंद्र यादव (35) पपरावत रोड (नजफगढ़) में एक मेडिकल स्टोर चलाते हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## तेलंगाना के आदिवासी मेले मेदाराम जथारा के लिए चलेंगी विशेष ट्रेन



**हैदराबाद।** रेल मंत्रालय ने 21 फरवरी से तेलंगाना के मुलुगु जिले में शुरू होने वाले प्रसिद्ध आदिवासी मेला सम्मक्का सरक्का मेदारम जथारा के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की है। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने घोषणा की कि ट्रेनें 21 से 24 फरवरी तक संचालित की जाएंगी। ये ट्रेनें तेलंगाना के विभिन्न स्थानों से भक्तों को द्विवार्षिक कार्यक्रम के लिए मेदाराम जाने में सुविधा प्रदान करेंगी। विशेष ट्रेनें सिरपुर कागजनगर-वारंगल - सिरपुर कागजनगर, वारंगल- सिकंदराबाद -वारंगल और निजामाबाद-वारंगल - निजामाबाद हैं। ये ट्रेनें सिकंदराबाद, हैदराबाद, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मनचेरियल, रामागुंडम, पेद्दापल्ली, जम्मीकुंटा, भोंगिर, जनगांव, घनपुर, कामारेड्डी, मनोहराबाद, मेडचल, अलेर और अन्य स्थानों समेत प्रमुख केंद्रों तक कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा एवं संरक्षण तथा आदिवासी समुदायों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## ईडी के समन का पालन न करने पर कोर्ट ने केजरीवाल को दी स्वयं उपस्थिति से छूट



**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट में शारीरिक रूप से पेश होने पर छूट प्रदान की है। दरअसल, ईडी ने केजरीवाल के असहयोगात्मक रवैये से परेशान होकर उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, इसके बाद आज वो वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए, जहां उन्हें अदालत ने शारीरिक रूप से पेश होने की छूट प्रदान की। बता दें कि सीएम केजरीवाल अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा की अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे। इस बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सत्र में व्यस्तता की वजह से वो अदालत में सशरीर पेश नहीं हो सके। कोर्ट ने इस मामले को 16 मार्च के लिए स्थगित कर दिया है। केजरीवाल ने कोर्ट में शारीरिक मौजूदगी से छूट प्राप्त करने के लिए अर्जी दायर की थी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने 7 फरवरी को इस शिकायत का संज्ञान लिया। जज ने कहा था, "अब केजरीवाल को आगामी 17 फरवरी को अदालत में पेश होने के लिए समन जारी किया जा रहा है।

## मणिपुर हथियार लूट मामला : 7 पुलिसकर्मी निलंबित, चुराचांदपुर में इंटरनेट बंद



**इंफाल।** इंफाल पूर्वी जिले में 5वीं बटालियन मणिपुर राइफल्स शिविर से मंगलवार को भीड़ द्वारा हथियार और गोला-बारूद लूटने के बाद ड्यूटी में लापरवाही के लिए मणिपुर राइफल्स के सात जवानों को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने निलंबन आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 5वीं बटालियन मणिपुर राइफल्स शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही के कारण निलंबित कर दिया गया। रात आरोपियों से चार इंसास राइफलें, एक एके घटक -2, सेल्फ-लोडिंग राइफलों की कुछ मैगजीन और 9 मिमी गोला-बारूद के 16 छोटे बक्से बरामद कर ली गई है। गुरुवार रात लगभग 400 लोगों की भीड़ द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर धावा बोलने की कोशिश के बाद आदिवासी बहुल चुराचांदपुर जिले में पांच दिनों के लिए इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

## न्यूज क्लिक के संस्थापक पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने न्यूज क्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 23 फरवरी तक बढ़ा दी है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आज दिल्ली पुलिस ने दोनों की न्यायिक हिरासत 10 दिन बढ़ाने की मांग की लेकिन कोर्ट ने 6 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। आज प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 29 जनवरी को दोनों की न्यायिक हिरासत आज तक के लिए बढ़ाई थी। 20 जनवरी को दोनों की न्यायिक हिरासत 29 जनवरी तक बढ़ाई गई थी। 22 दिसंबर 2023 को कोर्ट ने दोनों को 20 जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

**एक नजर**

## दिल्ली में जेएलएन स्टेडियम में अस्थायी ढांचा गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार सुबह ढह गई अस्थायी संरचना के मलबे में दबने के बाद दो लोगों को बचा लिया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। विवरण साझा करते हुए, दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक, अतुल गर्ग ने कहा कि जेएलएन स्टेडियम में एक अस्थायी संरचना के गिरने के बारे में एक कॉल प्राप्त हुई है। गर्ग ने कहा, अब तक दो लोगों को निकाला गया है और वे सुरक्षित हैं। बचाव दल मौके पर हैं।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने हुबली दंगा मामले में 106 लोगों को जमानत दी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को हुबली दंगा मामले में 106 लोगों को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीशकुमार और न्यायमूर्ति वेंकटेश नाइक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने फैसला सुनाया। 16 अप्रैल, 2022 को कर्नाटक के हुबली शहर में एक उत्तेजक व्हाट्सएप पर हिंसा भड़क उठी, जिसमें एक मस्जिद के ऊपर धार्मिक झंडे की फोटोशॉप की गई तस्वीर लगाई गई थी। पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में 152 लोगों को गिरफ्तार किया था और मामले में 12 मामले दर्ज किए थे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी 35 लोगों को जमानत दे दी थी, गुस्साई भीड़ ने लोगों और पुलिस स्टेशन पर हमला किया, 10 पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और एक पुलिस निरीक्षक और छह पुलिसकर्मियों पर हमला किया।

## दिल्ली के जखीरा में मालगाड़ी पटरी से उतरी, एक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जखीरा फ्लाईओवर के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के 10 वैगन पटरी से उतर गए। हादसे में रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की मौत हो गई। रेलवे डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि यह घटना आज पूर्वाह्न करीब 11.52 बजे हुई, जब मालगाड़ी जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि मालगाड़ी के 10 वैगन पलट गए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान कचरा बीनने वाले 70 वर्षीय रफीक के रूप में हुई है।

# भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन

# प्रधानमंत्री मोदी का गरीब कल्याण, विकास पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों, रणनीति और एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए नई दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठक स्थल पर ध्वजारोहण कार्यक्रम, बैठक हॉल में दीप प्रज्वलन और वंदेमातरम् के बाद औपचारिक रूप से राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक शुरू हो गई। राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक शुरू होने से पहले भारत मंडपम में हुई भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अगले 100 दिनों के लिए कमर कसकर जुट जाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 और एनडीए 400 पार सीटें जीतने का लक्ष्य महज आंकड़ा भर नहीं है बल्कि 370 सीट जीतकर भाजपा का हर कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को श्रद्धांजलि देगा। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बारे में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि इस बार के चुनाव के दौरान विपक्ष तू-तू, मैं-मैं की राजनीति ज्यादा करेगा।



**भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के बीच छाया हुआ है पीएम मोदी का 'आईडी कार्ड'**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्रगति मैदान स्थिति भारत मंडपम में शनिवार से भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई दिग्गज इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए भारत मंडपम पहुंचे। पीएम मोदी ने इस अधिवेशन का उद्घाटन किया। भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान इसमें उपस्थित होने वाले लोगों को डिजिटल आईडी कार्ड के साथ देखा गया। ऐसे में भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन के बीच पीएम मोदी का एक पहचान पत्र सामने आया है। यह पहचान पत्र उस वक्त का है, जब 2009 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए थे। एक्स अकाउंट से प्रधानमंत्री मोदी का 2009 का यह पहचान पत्र शेयर किया गया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पहचान पत्र में देखा जा सकता है कि 20-21 जून 2009 को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इस बैठक में नरेंद्र मोदी के आईडी कार्ड पर मुख्यमंत्री गुजरात लिखा हुआ है। खास बात यह है कि समय के साथ भाजपा द्वारा जारी पहचान पत्र का स्वरूप बदल गया है। अब आईडी कार्ड डिजिटल स्वरुप में नजर आ रहा है। ऐसे में पीएम मोदी का 15 साल पुराना आईडी कार्ड अब वायरल हो रहा है। बता दें कि भारत मंडपम में 17-18 फरवरी को भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो चुका है। इस अधिवेशन के जरिए भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव के तैयारियों की भी समीक्षा करेगी।

## आईजीआई एयरपोर्ट पर विस्फोट करने की फर्जी कॉल करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** फर्जी कॉल करके आईजीआई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कृष्णो महतो के रूप में हुई है, जो बिहार के पश्चिम चंपारण जिले का रहने वाला है। आरोपी ने शराब के नशे में धुत होकर यह फर्जी कॉल किया था, इसमें उसने आईजीआई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। 28 जनवरी को शाम 5:11 बजे आईजीआई पुलिस स्टेशन पर एक फोन आया था, इसमें कहा गया था, "मैं एयरपोर्ट पर ब्लास्ट कर दूंगा।"पुलिस उपायुक्त (आईजीआई) उषा रंगनानी ने कहा कि कॉल पर मिली सूचना की गंभीरता और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर कर दिया गया था और इसके अलावा उस पूरे क्षेत्र में आपताकाल घोषित कर दिया गया था। डीसीपी ने अपने बयान में कहा, "एसओपी में निर्धारित दिशानिदेर्शों एवं प्रोटोकॉल को यात्रियों की सुरक्षा के लिए पालन करने का निर्देश दिया गया था। वहीं एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाने के बाद पता चला कि यह कॉल पूरी तरह से फर्जी था।

# चुनाव चिन्ह छीने जाने पर शरद पवार ने लिया संकल्प



**एजेंसी। पुणे**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि देश ने कभी ऐसी स्थिति नहीं देखी कि जिसने पार्टी बनाई, उसे ही पार्टी से निकाल दिया गया हो, लेकिन एनसीपी के साथ ऐसा हुआ। शरद पवार ने अपनी पार्टी के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। शनिवार सुबह अपने गोविंद बाग स्थित आवास पर बड़ी संख्या में समर्थकों और जनता से मुलाकात करते हुए 83 वर्षीय पवार ने कहा कि अतीत में भारत में कई पार्टी विवाद हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि न केवल पार्टी का नाम बल्कि एनसीपी का प्रतिष्ठित 'घड़ी' चिन्ह भी छीन लिया गया, जो कानून के अनुरूप नहीं है। हर कोई जानता है कि एनसीपी की स्थापना किसने की। अब पार्टी ने इस मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और न्याय की उम्मीद जताई है। पवार ने कहा, "सिंबल खोने को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं अब तक 14 चुनाव लड़ चुका हूं। उनमें से पांच 'बैलों की जोड़ी', 'गाय और बछड़ा', एक 'चरखा', 'हाथ' और अंत में, 'घड़ी' के चिन्ह पर थे। चुनाव चिन्ह छीनने का मतलब यह नहीं कि संगठन खत्म हो गया।"उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकताओं को सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने और जनता को पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को समझाने और पार्टी उनके लिए क्या कर सकती है, इसकी आवश्यकता पर जोर दिया। पवार ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि नए सिरे से शुरूआत करने पर भी ज्यादा दिक्कतें होंगी। हम एक नई उम्मीद के साथ पूरे महाराष्ट्र में घूमेंगे और लोगों से मिलेंगे, उन्हें मनाएंगे, नए चिन्ह के साथ ज्यादा दिक्कतें नहीं होंगी। दरअसल, एनसीपी विधायकों की अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने शरद पवार गुट को झटका देते हुए कहा कि, अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है।

# राहुल गांधी मीडिया में बने रहने के लिए कुछ भी बोलते हैं : नीतीश कुमार




**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में इस बार हमलोग बेहतर प्रदर्शन करेंगे और पिछली बार से अधिक संख्या में सीट जीतेंगे। पटना में पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि ठाकुर जी की जन्म तिथि और पुण्य तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन करवाते रहे हैं और उसमें हम हमेशा आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर जी ने अपने समय में पिछड़ों और वंचितों के लिए काफी काम किया। आरक्षण का दायरा बढ़ाया। उन्होंने शराबबंदी लागू की, लेकिन उनके पद से हटने के बाद शराबबंदी हटा दी गई। हमलोग जननायक कपूर्री ठाकुर जी के विचारों पर चलने वाले लोग हैं। हमलोग बहुत पहले से जननायक कपूर्री ठाकुर जी को भारत रत्न देने की मांग कर रहे थे। यह खुशी की बात है कि केंद्र सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया है। 'इंडिया' गठबंधन को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा, हम अलग हो गये हैं, बाकी दल क्या कर रहे हैं, मुझे नहीं मालूम। मेरे द्वारा विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब उनसे अलग हो गये हैं। हमने इस गठबंधन का नाम कुछ दूसरा सुझाया था, लेकिन उनलोगों ने अपनी तरफ से इसका नाम रखा। उन्होंने कहा कि वे लोग क्या करते हैं, वही जानें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरोध में बयान देने के संबंध में नीतीश ने कहा कि उन्हें जो बोलना है, वे बोलते रहें, उससे मुझे कोई मतलब नहीं है। वे मीडिया में बने रहने के लिए कुछ भी बोलते हैं। हमने बिहार में जाति आधारित गणना करवाई, इसकी चर्चा नहीं करते हैं। हमारे कामों के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। महागठबंधन सरकार के कुछ मंत्रियों के विभागों के खिलाफ जांच के आदेश देने के संबंध में पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग कार्यों की समीक्षा करते हैं। कोई गड़बड़ी होगी तो उसकी जांच होगी। हम किसी को गड़बड़ नहीं करने देंगे। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हमारे साथ और 8 मंत्री काम कर रहे हैं। सभी काम हो रहा है। मंत्रिमंडल विस्तार समय पर हो जाएगा।

## फार्मा हब बनने को तैयार यूपी

# चार दिग्गज कंपनियां करेंगी निवेश



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को फार्मा हब बनाने की तैयारी में लगी सरकार की नीतियां देश की नामचीन मेडिकल कंपनियों को काफी रास आ रही है। इसी क्रम में, तेलंगाना की चार दिग्गज फार्मा कंपनियों ने प्रदेश में करोड़ों रुपए के निवेश की तैयारी की है। साथ ही ये कंपनियां ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास, यूपी को फार्मा सेक्टर का हब बनाने के रोडमैप पर भी कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को योगी सरकार ने हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश में ड्रग व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग कल्चर को बढ़ावा देने और सरकार द्वारा बनाई गई फार्मा पॉलिसी के साथ ही दी जा रही सहूलियतों के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अन्य रणनीतिक स्थान पर एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने में रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के भीतर निवेश के अवसर तलाशने में रुचि दिखाई है, जिसके लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की आवश्यकता है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में फार्मास्युटिकल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला और एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने में भी रुचि दिखाई है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने के लिए वीबीएल तथा रॉलवेल इंडस्ट्रीज ने भी रुचि जताई है। वीबीएल द्वारा लगभग 10-15 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश और लगभग 5-10 एकड़ भूमि की आवश्यकता के साथ, मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या आसपास के क्षेत्र में सांप के जहर एंटीसीरम को निकालने के लिए एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की गई है। वहीं, रॉकवेल इंडस्ट्रीज ने विशिष्ट सहायक इकाइयों को एकीकृत करने के इरादे के साथ-साथ, वैक्सीन वाहकों पर प्राथमिक जोर देने के साथ, नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के भीतर एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में अपनी रुचि व्यक्त की है।

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

# जायसवाल का शतक, भारत को 322 रन की बढ़त




**राजकोट (एजेंसी)।** भारत ने अपने गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रिटायर्ड हर्ट) के शानदार शतक और उनकी शुभमन गिल (नाबाद 65) के साथ दूसरे विकेट के लिए 155 रन की जबरदस्त साझेदारी की बदौलत दूसरी पारी में शनिवार को तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 196 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 322 रन पहुंचा दी। भारत को पहली पारी में 126 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली थी जिसे उसने 300 के पार पहुंचा दिया है। तीसरे दिन का खेल जब शुरू हुआ था तब इंग्लैंड ड्राइविंग सीट पर था और तीसरे दिन के खेल की समाप्ति के बाद अब भारत की पकड़ मजबूत है। भारत के पास अब 322 रनों की बढ़त हो गयी है। पहली पारी में मात्र 10 रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी और भारत को रोहित शर्मा (19) के जल्दी आउट हो जाने के झटके से उबारा। उन्हें गिल के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 155 रन जोड़े। जायसवाल ने 133 गेंदों पर नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 104 रन बनाये। भारतीय पारी का 44वां ओवर समाप्त होने के बाद यशस्वी काफी दर्द में लग रहे थे और उन्होंने रिटायर्ड हर्ट होने का फैसला किया। नए बल्लेबाज रजत पाटीदार खाता खोले बिना टॉम हार्टली की गेंद पर आउट हो गए। एक साधारण सी गेंद थी लेकिन पाटीदार को पवेलियन लौटा होगा, शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद थी स्टंप्स की लाइन में और उसे बैकफुट से पुल के लिए गए लेकिन सीधा रेहान अहमद के हाथों में खेल बैठे। गिल ने नाईट वॉचमैन कुलदीप यादव के साथ शेष ओवर सुरक्षित निकाल लिए। गिल 120 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 तथा कुलदीप 15 गेंदों में तीन रन बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले भारत ने तीसरे दिन के खेल के पहले सत्र में शतकवीर बेन डकेट सहित तीन विकेट झटके जिससे लंच के समय इंग्लैंड का स्कोर 61 ओवर में 290/5 था। भारत ने लंच के बाद शेष पांच विकेट मात्र 29 रन पर निकालकर मेहमानों की पहली पारी को निपटा दिया। मोहम्मद सिराज 84 रन पर चार विकेट लेकर सबसे सफल रहे जबकि कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने दो-दो तथा रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने एक-एक विकेट लिया। पहला घंटा शुरू होने से पहले ही, रविचंद्रन अश्विन के पारिवारिक चिकित्सा आपात स्थिति के कारण मैच से हटने के कारण भारत दबाव में था। दो बाउंड्री के बाद, बुमराह ने भारत को सफलता दिलाई क्योंकि जो रूट ने रिवर्स रैंप पर सीधे दूसरी स्लिप में कैच दे दिया। एक गेंद पर कुलदीप ने बेयरस्टो को पगबाधा आउट कर दिया, जो आठ गेंद में डक हो गया और गेंद तेजी से मुड़ी। बेयरस्टो ने रिव्यू लिया, लेकिन फैसला नहीं बदला। डकेट सहज नहीं दिख रहे थे, लेकिन उन्होंने 150 रन के पार पहुंचने के लिए काफी प्रयास किया। दूसरे छोर से स्टोक्स को बुमराह के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और कुलदीप को अलग-अलग टर्न मिले। स्टोक्स ने जवाबी हमला करने की कोशिश की जब उन्होंने बाउंड्री हासिल करने के लिए आसानी से उछाल, फ्लिक और ड्राइव किया। लेकिन डकेट, जो कुलदीप की वाइडर लाइन के साथ संघर्ष कर रहे थे और बाउंड्री नहीं लगा पा रहे थे, एक छोटी और वाइड गेंद के लिए पहुंचे, जिसे उन्होंने सीधे कवर करने के लिए कट किया, जिससे उनकी पारी 151 गेंदों पर 153 रन पर समाप्त हो गई। लंच के समय कप्तान बेन स्टोक्स 39 रन बनाकर नाबाद थे, विकेटकीपर बेन फॉक्स छह रन बनाकर उनका साथ दे रहे थे। इंग्लैंड ने पहले सत्र में 83 रन बनाए, लेकिन तीन विकेट भी गंवाए। लंच के बाद जडेजा ने स्टोक्स को 41 रन पर आउट किया और टॉम हार्टली (9) को स्टंप कराया। सिराज ने बेन फॉक्स (13), रेहान अहमद (6) और जेम्स एंडरसन (1) के विकेट लेकर इंग्लिश पारी 319 रन पर समेट दी।

## इस टेस्ट मैच के दौरान अश्विन कभी भी आ सकते हैं और सीधे गेंदबाजी कर सकते हैं : दिनेश कार्तिक



**राजकोट (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने दिनेश कार्तिक ने पुष्टि की है कि रविचंद्रन अश्विन किसी भी समय भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में क्रिकेट नियमों के अनुसार गेंदबाजी कर सकते हैं। अश्विन, जो शुक्रवार को इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का विकेट लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट क्लब में शामिल हो गए, अपने परिवार में एक चिकित्सा आपात स्थिति के लिए तुरंत राजकोट से अपने गृहनगर चेन्नई के लिए रवाना हो गए। हालांकि इस बिंदु पर यह संदिग्ध लगता है, कार्तिक ने खुलासा किया कि मैच अधिकारियों ने भारतीय टीम प्रबंधन को सूचित किया है कि अगर अश्विन टेस्ट मैच के लिए लौटते हैं तो वह 'किसी भी समय' गेंदबाजी कर सकते हैं। कार्तिक ने ऑन एयर कहा, 'रवि अश्विन इस टेस्ट मैच के दौरान कभी भी आ सकते हैं और सीधे गेंदबाजी कर सकते हैं। अंपायरों ने अश्विन का पक्ष लिया है।' नियमों के अनुसार, मैदान से बाहर जाने वाले खिलाड़ी को खेल फिर से शुरू करने से पहले समान अवधि तक इंतजार करना होगा। हालांकि, अश्विन का मामला, जिसे अंपायरों ने अनोखा माना, पारंपरिक से हटना जरूरी था।

## खबरें व्यापार जगत की

## मोदी सरकार के फैसलों का फायदा, कृषि निर्यात बढ़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से सत्ता की कमान संभाली है, तब से कृषि क्षेत्र का विकास उनके लिए प्राथमिकता की सूची में रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने किसानों के हित में कई ऐसी योजनाएं शुरू की, जो कि मौजूदा वक्त में अन्नदाताओं को व्यापक स्तर पर फायदा पहुंचा रही है। इसी कड़ी में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने एक ऐसा आंकड़ा जारी किया है, जिससे कृषि निर्यात में तेजी देखने को मिल रही है। इस आंकड़े के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि निर्यात में 26.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात के इस आंकड़े को बढ़ाने में 200 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया। यह 12 फीसद की सराहनीय चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। बता दें कि 1987-88 में कृषि निर्यात 0.6 अमेरिकी डॉलर था। वहीं, वर्ष 2022-23 की अवधि में भारत का कृषि निर्यात 53.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। भारत के इस कृषि निर्यात में एपीईडीए का महत्वपूर्ण योगदान 51 प्रतिशत रहा। अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीईडीए के निर्यात समूह में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 ने सकारात्मक वृद्धि का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से 15 बड़े प्रमुख वस्तुओं में से 13, जिनका निर्यात पिछले वर्ष 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था। इसके अलावा इस अवधि में प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद विविध प्रसंस्कृत वस्तुओं, बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात में भी पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई। मुख्यतः ताजे फलों के निर्यात में भारत ने उल्लेखनीय रूप से वृद्धि की है। यह पिछले वर्ष के 102 देशों की तुलना में आज 111 देशों को अपनी सेवाएं दे रहा है। एपीईडीए के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि निर्यात के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अद्वितीय वृद्धि और प्रगति का उत्सव मनाया। कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ वर्ष 1986 में स्थापित, एपीईडीए भारत के कृषि निर्यात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर कर आया है।

## भारत के ताजे फलों के निर्यात में 29 प्रतिशत की वृद्धि, 111 देशों तक पहुंचा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से दिसंबर 2023 तक नौ महीने की अवधि में 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ ताजे फल भारत के कृषि निर्यात में एक उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे हैं। भारत के ताजे फलों का बाजार इस अवधि के दौरान पिछले वर्ष के 102 देशों की तुलना में 111 देशों में फैल गया है। यह 100 मिलियन डॉलर से अधिक के निर्यात की श्रेणी में अग्रणी है। अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान, कई प्रमुख वस्तुओं में पिछले वर्ष की तुलना में पर्याप्त वृद्धि देखी गई, जैसे केलेः 63 प्रतिशत, और केसर और दशहरी आम क्रमशः 120 प्रतिशत और 140 प्रतिशत, दाल (सूखी और छिलके वाली) 110 प्रतिशत, ताजे अंडे 160 प्रतिशत। अप्रैल से दिसंबर 2023 की अवधि के दौरान बासमती चावल का निर्यात मूल्य 19 प्रतिशत बढ़ गया, जो पिछले वर्ष के 3.33 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 3.97 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके साथ ही निर्यात की मात्रा में 11 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो समान समय सीमा के भीतर 31.98 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 35.43 लाख मीट्रिक टन हो गई। बासमती चावल ने शीर्ष बाजारों में अपनी जगह बना ली है। ईरान, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात इन निर्यातों के लिए शीर्ष पांच गंतव्यों के रूप में उभरे हैं।

## ओपनएआई को झटका, जीपीटी को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने को अमेरिकी पेटेंट ऑफिस ने किया इन्कार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई को झटका देते हुए यूएस पेटेंट एंड ट्रेडमार्क ऑफिस (पीटीओ) ने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी को जीपीटी (जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर) शब्द को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ओपनएआई ने यूएस पीटीओ के साथ अपने आवेदन में तर्क दिया कि जीपीटी 'विवरणात्मक शब्द' नहीं है। उपभोक्ता तुरंत समझ नहीं पाएंगे कि 'जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर' का क्या अर्थ है। यूएस पीटीओ ने अपने फैसले में लिखा, "ट्रेडमार्क जांच करने वाला वकील आश्वस्त नहीं है। इंटरनेट साक्ष्य सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में सॉफ्टवेयर के संबंध में संक्षिप्त नाम 'जीपीटी' के व्यापक उपयोग को दशार्ता है, जो प्री-ट्रेंड डेटा सेट के आधार पर पूछने और जवाब देने के कार्यों के साथ समान एआई टेक्नोलॉजी की सुविधा देता है।" पिछले साल जेनेरिक एआई का उपयोग बढ़ने के कारण, कई एआई कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट नामों में जीपीटी जोड़ा। हालांकि, ओपनएआई द्वारा एआई मॉडल चैटजीपीटी लॉन्च करने के बाद जीपीटी लोकप्रिय हो गया, जो इंसानों की तरह जवाब देने के लिए यूजर प्रॉम्प्ट लेता है। कंपनी ने अपने कस्टम चैटबॉट्स को जीपीटी कहना शुरू कर दिया है और हाल ही में सोरा नाम से अपना टेक्स्ट-टू-वीडियो जेनरेशन मॉडल जारी किया है।

## पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स, कार्ड मशीनें 15 मार्च के बाद भी काम करेंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने शुक्रवार को अपने उपयोगकर्ताओं को भरोसा दिया कि व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मेड इन इंडिया क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीन सहित उसका मोबाइल ऐप 15 मार्च के बाद भी बिना किसी रुकावट के चालू रहेगा। यह शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बार-बार पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) की एक सूची जारी होने के बाद आया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि इसके व्यापारी भुगतान उपकरण अप्रभावित रहेंगे और सामान्य रूप से काम करेंगे। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि उसने निर्बाध व्यापारी निपटान सुनिश्चित करने के लिए एस्क्रो खाता खोलकर अपने नोडल खाते को एक्सिस बैंक में स्थानांतरित कर दिया है। इस व्यवस्था से पेटीएम पेमेंट्स बैंक के साथ पहले इस्तेमाल किए गए नोडल खाते को निर्बाध रूप से बदलने की उम्मीद है।

## फार्मा हब बनने को तैयार यूपी, चार दिग्गज कंपनियां करेंगी निवेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश को फार्मा हब बनाने की तैयारी में लगी सरकार की नीतियां देश की नामचीन मेडिकल कंपनियों को काफी रास आ रही है। इसी क्रम में, तेलंगाना की चार दिग्गज फार्मा कंपनियों ने प्रदेश में करोड़ों रुपए के निवेश की तैयारी की है। साथ ही ये कंपनियां ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास, यूपी को फार्मा सेक्टर का हब बनाने के रोडमैप पर भी कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को योगी सरकार ने हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश में ड्रग व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग कल्चर को बढ़ावा देने और सरकार द्वारा बनाई गई फार्मा पॉलिसी के साथ ही दी जा रही सहूलियतों के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अन्य रणनीतिक स्थान पर एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने में रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के भीतर निवेश के अवसर तलाशने में रुचि दिखाई है, जिसके लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की आवश्यकता है।

## अमेरिका की महिलाओं ने आठवीं बार विश्व वाटर पोलो खिताब जीता



**दोहा (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका की महिला वाटर पोलो टीम ने शुक्रवार को विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल मैच में हंगरी को 8-7 से हराकर अपना आठवां विश्व खिताब हासिल किया। चौथे क्वार्टर में आगे बढ़ते हुए, फाइनल 5-5 पर गतिरोध पर था। हालाँकि, अमेरिका ने राचेल फट्टल, मैगी स्टीफेंस और रयान नेशुल के महत्वपूर्ण गोलों से रैली की, जिससे उन्हें 8-5 की बढ़त मिल गई। हंगरी की देर से वापसी के बावजूद, अमेरिका ने 8-7 के अंतिम स्कोर के साथ जीत सुनिश्चित की। यह जीत पिछले छह विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में संयुक्त राज्य अमेरिका के पांचवें खिताब का भी प्रतीक है, जिसने वाटर पोलो में एक पावरहाउस के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। इससे पहले दिन में स्पेन ने ग्रीस को 10-9 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

## सचिन तेंदुलकर ने जम्मू-कश्मीर में बैट फैक्ट्री का दौरा किया




**श्रीनगर (एजेंसी)।** क्रिकेट आइकन सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा शहर में क्रिकेट बैट बनाने वाले एक कारखाने का दौरा किया। पत्नी अंजलि और बेटी सारा के साथ सचिन ने अनंतनाग जिले के अवंतीपोरा के चेरसू इलाके में एमजे क्रिकेट बैट निर्माण फैक्ट्री का दौरा किया। दो भाई मंजूर अहमद और जावेद अहमद फैक्ट्री के मालिक हैं, जो चेरसू इलाके से हैं। सचिन ने प्रसिद्ध कश्मीर विलो बैट की निर्माण प्रक्रिया में विशेष रुचि दिखाई। ये बैट उच्च गुणवत्ता के माने जाते हैं जो अपनी कठोरता, टिकाऊपन और मजबूती के लिए जाने जाते हैं।

## ज्योति ने स्वर्ण पदक के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**तेहरान (एजेंसी)।** ज्योति याराजी ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 60 मीटर बाधा दौड़ में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता। याराजी ने फाइनल में आश्चर्यजनक रूप से 8.12 सेकंड का समय लेकर जीत की ओर कदम बढ़ाया। ज्योति याराजी अब 60 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड छह बार तोड़ चुकी हैं। ज्योति ने पिछले साल 8.20 सेकंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, फिर इसे चार बार पीछे छोड़कर 8.13 सेकंड में पूरा किया।ज्योति ने दिन की शुरूआत में अपनी हीट में 8.22 सेकंड का समय रिकॉर्ड किया। ज्योति ने प्रतियोगिता के पिछले संस्करण में रजत पदक हासिल किया था, जिसमें इस बार उन्होंने सुधार किया।

## बिहार के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के बाद मनोज तिवारी क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कहेंगे



**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय और बंगाल क्रिकेटर मनोज तिवारी ने बिहार के खिलाफ चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। 2004 में बंगाल के लिए पदार्पण करने वाले तिवारी ने 48.56 की औसत से लगभग 10,000 प्रथम श्रेणी रन, 29 शतक और 45 अर्धशतक बनाए। 42.28 के औसत से उन्होंने 169 लिस्ट ए गेम्स में 5581 रन बनाये हैं। मनोज तिवारी ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा, 'सभी को नमस्कार, तो... यह एक आखिरी पारी का समय है! संभवतः अपने प्रिय 22 गज की ओर लंबी सैर के लिए आखिरी बार। मुझे इसकी हर चीज याद आएगी!" उन्होंने कहा, 'इतने वर्षों तक मुझे प्रोत्साहित करने और प्यार करने के लिए धन्यवाद। अगर आप सभी कल और परसों मेरे पसंदीदा ईडनगार्डन में बंगाल का उत्साह बढ़ाने आएंगे तो बहुत अच्छा लगेगा। क्रिकेट का एक वफादार सेवक, आपका मनोज तिवारी।" 2011 और 2012 में कुछ अवसर मिलने से पहले, 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने के बाद तिवारी को तीन साल इंतजार करना पड़ा। दिसंबर 2011 में चेन्नई में, उन्होंने अपने 12 मैचों के एकदिवसीय करियर में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना एकमात्र शतक बनाया। 2014 में, एक बार फिर बाहर किए जाने और कई चोटों से जूझने के बाद उन्हें बांग्लादेश में एक वनडे के लिए वापस बुला लिया गया। उन्होंने अपनी अंतिम श्रृंखला उसी वर्ष जुलाई में जिम्बाब्वे में खेली। तिवारी आईपीएल में पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स (पूर्व में दिल्ली डेयरडेविल्स) और राइजिंग पुणे सुपरजायंट के लिए खेले। भारतीय क्रिकेट में मनोज तिवारी की यात्रा उतार-चढ़ाव के एक रोलरकोस्टर की तरह है, जो दुर्भाग्यपूर्ण असफलताओं से घिरे वादे के क्षणों से चिह्नित है। बंगाल से आने वाले, घरेलू क्रिकेट में तिवारी के शुरूआती कारनामों ने ध्यान आकर्षित किया, विशेष रूप से 2006-07 रणजी ट्रॉफी में उनके शानदार प्रदर्शन ने, जहां उन्होंने 99.50 की औसत से 796 रन बनाए और साथ ही कई रिकॉर्ड भी तोड़े। भारत के लिए उनके लंबे समय से प्रतीक्षित पदार्पण की प्रतीक्षा की जा रही थी, लेकिन भाग्य को कुछ और ही मंजूर था।

## मार्कस स्टोइनिस टी20 श्रृंखला से बाहर, आरोन हार्डी को स्थानापन्न नियुक्त किया गया

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस पीठ की तकलीफ के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं और स्टोइनिस के स्थान पर आरोन हार्डी को बुलाया गया है। पीठ की तकलीफ के कारण प्रमुख ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस की अनुपस्थिति से टीम की तैयारियों पर असर पड़ रहा है। स्टोइनिस, ऑस्ट्रेलिया के टी20 सेटअप में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति, बार-बार चोट की चिंताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे आगामी टी20 विश्व कप के लिए उनकी उपलब्धता और फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं। प्रभावी ढंग से बल्लेबाजी करने और महत्वपूर्ण विकेट लेने में योगदान देने की उनकी क्षमता पिछले टूर्नामेंटों में अमूल्य रही है, लेकिन चोटों से लगातार जूझना चिंता का कारण बना हुआ है।

## टाइगर वुड्स ने बीमारी के कारण पीजीए टूर से अपना नाम वापस लिया



**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** टाइगर वुड्स ने शनिवार को जेनेसिस इनविटेशनल के दूसरे राउंड से बीमारी के कारण अपना नाम वापस ले लिया। प्रतिष्ठित रिवेरा कंट्री क्लब में टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए, सातवें होल पर खेलने के तुरंत बाद एक कार्ट पर कोर्स छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। पिछले अप्रैल में तीसरे दौर में चोट लगने के कारण मास्टर्स से हटने के बाद पीजीए टूर से उनकी अनुपस्थिति ने प्रशंसकों को खेल में उनके भविष्य के बारे में आश्चर्यचकित कर दिया था। 15 बार के प्रमुख चैंपियन के रूप में अपने ऐतिहासिक करियर के बावजूद, वुड्स को कैलिफोर्निया में कोर्स पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, और अपनी असामयिक वापसी से पहले दो ओवर पार खेले। उनके प्रदर्शन में बर्डी और बोगी के मिश्रण से उनकी प्रतिभा की झलक दिखी, लेकिन प्रतियोगिता से लंबे समय तक दूर रहने के बाद फॉर्म में लौटने की कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा। अमेरिकी खिलाड़ी, जो गोल्फ का सबसे बड़ा आकर्षण हैं, ने गुरुवार के शुरूआती दौर में वन-ओवर-पार 72 के शानदार प्रदर्शन के दौरान पांच बर्डी और छह बोगी बनाईं। शुक्रवार को, 1992 में 16 साल की उम्र में रिवेरा में अपने पीजीए टूर डेब्यू की याद दिलाने वाली लाल, नेवी और सफेद धारीदार पोलो पहनकर वुड्स की यात्रा पूरी हो गई। हालांकि, असफलताएं जारी रहीं क्योंकि वह सर्जरी द्वारा ठीक किए गए पैर में ऐंठन और दर्द से जूझ रहे थे, जो उनकी चोटों के उनके शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव की याद दिलाता है। टखने की फ्यूजन सर्जरी से गुजरने और 2021 में एक गंभीर कार दुर्घटना के परिणाम को सहन करने के बावजूद, वुड्स का खेल के प्रति जुनून कम नहीं हुआ है।

# भारतीय महिलाओं ने रचा इतिहास, जापान को हराकर पहली बार फाइनल में पहुंची




**शाह आलम (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने अपनी युवा प्रतिभाओं के दम पर शनिवार को मलेशिया के सेलांगोर में शीर्ष वरीय जापान को 3-2 से हरा दिया और बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के अपने पहले फाइनल में पहुंच गई। 'यह भारतीय बैडमिंटन के लिए गर्व का क्षण है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, "युवाओं ने इस अवसर पर आगे बढ़कर और पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सफलता और इतिहास में योगदान देकर चयन को सही ठहराया है।" ग्रुप चरण में शक्तिशाली चीन को अपसेट करने वाली टीम ने एक बार फिर दिखाया कि वे किसी भी प्रतिद्वंद्वी या किसी भी स्थिति से भयभीत नहीं हैं क्योंकि युवाओं ने सेमीफाइनल में अपने से बेहतर टीम को हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार अंतिम चार चरण में पहुंचने के बाद महिलाओं को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से मजबूत शुरूआत की जरूरत थी लेकिन चीजें योजना के मुताबिक नहीं हुईं। सिंधु ने अया ओहोरी के खिलाफ मजबूत शुरूआत की लेकिन एकाग्रता में गिरावट के कारण जापानी खिलाड़ी को शुरूआती गेम जीतने में मदद मिली। भारतीय स्टार शटलर ने दूसरे गेम की शुरूआत में लगातार नौ अंक गंवाए, जब तक कि उन्होंने खुद नौ अंकों की बढ़त बनाकर 10-19 से 19-19 की बराबरी हासिल नहीं कर ली। वह एक मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही लेकिन लय बरकरार नहीं रख सकी और 21-13, 22-20 से हार गई। ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की युवा जोड़ी के सामने दुनिया की नंबर की 6 जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा को पछाड़ने की कठिन चुनौती थी। दोनों जोड़ियों के बीच तीसरी भिड़ंत में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। ट्रीसा और गायत्री ने शुरूआती गेम जीतकर शुरूआत की लेकिन जापानियों के अनुभव ने निर्णायक गेम को मजबूर करने का रास्ता ढूंढ लिया। निर्णायक गेम में उन्होंने एक बार फिर अपनी पकड़ बनाई और 19-13 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि उनके अधिक अनुभवी विरोधियों ने उन पर फिर से दबाव बना दिया। युवा भारतीय संयोजन ने स्कोर 19-19 से बराबर होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को 21-17, 16-21, 22-20 से जीत लिया। इसके बाद अश्मिता चालिहा ने मौके का फायदा उठाया और अपने आक्रामक प्रदर्शन के दम पर पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा को 21-17, 21-14 से हराकर भारतीयों को आगे कर दिया। सिंधु, जिनके कंधों पर दूसरा युगल खेलने की जिम्मेदारी भी थी, ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन यह जोड़ी दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी रेना मियाउरा और अयाको सकुरामोटो के खिलाफ 14-21, 11-21 से हार गई। इसका मतलब यह हुआ कि राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब को एक बार फिर अपनी टीम को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आ गयी और 17 वर्षीय खिलाड़ी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया।

## ऑलराउंडर सदरलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को द. अफ्रीका पर पारी और 284 रन से जीत दिलाई

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने तीन दिन के अंदर एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम पर पारी और 284 रनों की बड़ी जीत हासिल की। दूसरे दिन एनाबेल सदरलैंड के विशाल दोहरे शतक के बाद, जब मेहमान टीम ने तीसरे दिन 3/67 पर फिर से शुरूआत की तो उन्हें 432 रनों की कमी से उबरने के लिए किसी चमत्कार की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन देर से 9-575 पर पारी घोषित की - इतिहास में महिलाओं की टेस्ट पारी का उच्चतम स्कोर - 499 रन की बढ़त के साथ। लेकिन लचीले और अडिग दक्षिण अफ्रीका ने आसानी से झुकने से इनकार कर दिया। डेल्मी टकर और ताजमिन ब्रिट्स की जोड़ी के नेतृत्व में, उन्होंने एक बहादुर प्रतिरोध का मंचन किया, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को उम्मीदों के विपरीत साझेदारी से निराश किया।

# 5,273 पीवीटीजी परिवारों को मिली आवास निर्माण की पहली किस्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची। पीएम जनमन योजना से झारखंड में अब तक 26,512 पीवीटीजी परिवार का सर्वेक्षण कार्य करा लिया गया है। इनमें 18,739 लाभुकों को पंजीकृत किया गया है और 6,870 लाभुकों को आवास की स्वीकृति दे दी गयी है। आवास विहीन आदिम जनजाति परिवार को इस योजना से पक्का आवास देना है। ग्रामीण विकास विभाग स्वीकृत लाभुक को दो लाख रुपये की सहायता राशि आवास निर्माण के लिए दे रहा है। इसके अतिरिक्त मनरेगा से अकुशल मजदूरी 27000 रुपये और शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये दिए जायेंगे। यह योजना 60:40 के अनुपात में केंद्र सरकार के सहयोग से की जा रही है। पहली किस्त के 30 हजार रुपये आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए दे दिए गये हैं। 5,273 लाभुकों को पहली किस्त के रूप में राशि आवंटित कर दी गयी है। दूसरी किस्त में लिंटल, तीसरी किस्त ढलाई व चौथी और अंतिम किस्त की राशि आवास पूर्ण होने के बाद दी जायेगी। खूंटी, सिमडेगा, गुमला, चाईबासा इत्यादि क्षेत्रों में अधिक योजनाएं स्वीकृत की गयी हैं।

## पथराव मामले में 18 नामदर्ज और 500 अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाये रखने की गयी अपील**

**रांची।** नगड़ी में सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन करने जा रहे जुलूस पर हुई पथराव की घटना को लेकर शनिवार को 18 नामजद और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। यह मामला अंचल अधिकारी के बयान पर दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में मस्जिद के समीप अचानक हुए पत्थरबाजी के बाद दो गुटो में जमकर झड़प हुई। इसमें लगभग छह लोग घायल हुए है, जिसमें दो पुलिसकर्मी शामिल है। इसी क्रम में शनिवार को इलाके में रैप के जवानों के साथ ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, बीडीओ, सीओ फलैग मार्च निकाला। अधिकारी और जवानों ने फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। पूरे क्षेत्र में पुलिस के जवान तैनात है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूरे इलाके में धारा 144 लागू है। मामले में 25 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुरुप कार्रवाई की जायेगी। पूरे इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात नगड़ी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद को लेकर दो गुटों में पत्थर बाजी हो गई थी। इसमें दो पुलिसकर्मी और चार -पांच आम लोग भी घायल हुए थे।

## रोजगार के सवाल पर आरवाईए 18-19 को करेगा यंग इंडिया जनमत संग्रह

**रांची।** यंग इंडिया चार्टर-2024 ने केंद्र की भाजपा सरकार में रोजगार की स्थितियों पर 18-19 फरवरी को जनमत संग्रह करने की घोषणा की है। आरवाईए के नेताओं ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस साल की मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है।उन्होंने कहा कि नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया गया। भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है। रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है। ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है। सौ से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया, जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुई ही साथ ही देश की आमदनी भी प्रभावित हुई। सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया। इसलिए आरवाईए रोजगार की स्थिति पर 'यंग इंडिया जनमत संग्रह' करेगी। यह 18-19 फरवरी को जिले के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नौजवानों, शिक्षित बेरोजगारों के बीच चलाया जाएगा। नेताओं ने कहा कि तमाम प्रगतिशील छात्र-युवा संगठनों एवं आंदोलनों का संयुक्त मंच यंग इंडिया ने 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर 2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा।

## मुख्यमंत्री से मिले महानिदेशक



**रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शनिवार को गृह रक्षा वाहिनी-सह-अग्निशमन सेवा के महानिदेशक अनिल पालटा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।**

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने पदभार संभाला, कहा स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना होगा मेरा लक्ष्य



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को नेपाल हॉउस स्थित विभागीय कार्यालय कक्ष में कार्यभार संभाला। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनका लक्ष्य होगा। इसके अलावा दूसरी पारी में आधारभूत संरचना दुरुस्त हो, मैन पावर की कमी ना हो, ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले और महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस रखा जायेगा। इस मौके पर विधानन्द शर्मा पंकज, माधवी मिश्रा, ललीत शुक्ला, एड्स कण्ट्रोल सोसाइटी के परियोजना निदेशक पवन कुमार, धुर्व प्रसाद, सीमा उदयपुरिया, एमडी एनएचएम अलोक त्रिवेदी, जय किशोर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शराब के नशे में पत्नी की गला दबाकर हत्या

**दुमका।** शराब के नशे में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और एक दिन तक शव को घर के अंदर ही छुपाकर रख दिया था। शनिवार को आस-पड़ोस के ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मसानजोर थाना की पुलिस को सूचित किया। मसानजोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। यह घटना मसानजोर के दरवारपुर गांव में हुई। घटना के बाद आरोपित पति सनथ मुर्मू फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार मकू मरांडी मसानजोर के नाराटोला गांव में अपने मौसी के साथ रहा करती थी। उसकी दो शादी हुई थी। पहले पति ने उसे छोड़ दिया था। उसने सनथ मुर्मू के साथ दूस री शादी रचायी थी। दम्पति मजदूरी करते थे। हाल ही में दोनों पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान से मजदूरी कर दम्पति घर लौटे थे। महिला को चार माह का एक संतान भी है। बताया जाता है कि शुक्रवार को दिन में ही शराब के नशे में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। पति ने आवेश में आकर अपनी पति की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद शव को एक कमरे में बंद कर रख दिया था। दूसरे दिन आस-पड़ोस के लोगों को घटना की जानकारी मिली।

## अदालत ने हार्स ट्रेडिंग मामले में गृह विभाग के अपर सचिव को जारी किया नोटिस

**रांची।** हार्स ट्रेडिंग मामले में रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में अनुसंधानकर्ता की ओर से साक्ष्य की कमी बताते हुए क्लोजर रिपोर्ट एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में दाखिल किए जाने के मामले में गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को शनिवार को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अपर सचिव को 16 मार्च को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश जारी किया गया है। राज्यसभा चुनाव-2016 में हुए हार्स ट्रेडिंग मामले में अनुसंधानकर्ता ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए इस केस को बंद करने का आग्रह एसीबी कोर्ट से किया है। इसके आलोक में अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च, 2018 को जगन्नाथपुर थाने में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में इस मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। इनपर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगा था। निर्वाचन आयोग ने झारखंड विकास मोर्चा की शिकायत पर इसकी जांच कराई थी। आयोग ने प्रथम दृष्ट्या आरोप को सही पाते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। बाद में 14 फरवरी, 2020 को तत्कालीन हेमंत सरकार ने एडीजी अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया था। गुप्ता तब सीआईडी के एडीजी थे।

## एक नजर

### 25 को ऐतिहासिक होगी कुड़मी हुंकार महारैली : शीतल ओहदार

**रांची।** कुड़मी समाज के संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि 25 फरवरी को मोरहाबादी मैदान रांची में कुड़मी हुंकार महारैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि टोटेमिक कुड़मी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर महारैली आयोजित की गयी है। ओहदार शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसमें लाखों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गाना छऊ नाच, झुमर नाच, पता नाच,नटुवा नाच,घोड़ा नाच एवं गाजा-बाजा के साथ शामिल होंगे। इसकी ग्राम स्तर पर वृहद रूप में तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा की कुडमी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगी। इस महारैली में लगभग पांच लाख की संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे।

### बैद्यनाथ राम को कैबिनेट में जगह नहीं मिलने पर सीएम का पुतला जलाया

**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति की ओर से शनिवार को कांके रोड में विधायक बैद्यनाथ राम को अनुसूचित जाति कोटा से झारखंड सरकार में मंत्री नहीं बनाए जाने के विरोध में सीएम चम्पाई सोरेन का पुतला दहन किया गया। संगठन के उपेंद्र कुमार रजक के नेतृत्व में पुतला दहन के बाद संगठन के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्यों ने मंत्रिमंडल के गठन में दलित समाज की अनदेखी करने का सीएम पर आरोप लगाया। कार्यक्रम में राम लगन राम, योगेन्द्र लाल, छोटू पासवान, जगदीश दास, संतोष रवि, रणधीर रजक, करन नायक, संदीप राम, प्रदीप कुमार, राजेश रजक, रंजीत भुईयां, भोला राम, सूरज राम समेत अन्य शामिल थे।

# 24 जिलों में 600 मतदान केंद्रों का सोशल ऑडिट कराएगा चुनाव आयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों का सोशल ऑडिट कराने का फैसला किया है। इसके तहत राज्य के सभी 24 जिलों में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं पर जिला स्तर से भेजी गयी रिपोर्ट की जमीनी हकीकत का आकलन करने की जिम्मेदारी थर्ड पार्टी को दी गयी है। चुनाव आयोग के निर्देश पर होने वाले सोशल ऑडिट की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास विभाग के सोशल ऑडिट यूनिट को दी गयी है, जो राज्य के सभी 24 जिलों के 600 मतदान केंद्रों का दौरा कर वहां की जमीनी हकीकत से रूबरू होगी। सोशल ऑडिट टीम न सिर्फ मतदान केंद्रों का दौरा करेगी, बल्कि जिला स्तर से प्राप्त रिपोर्ट की भी जांच करेगी। निरीक्षण टीम मतदान केंद्र पर स्थानीय बीएलओ और मतदाताओं से भी बात करेगी और करीब 14 बिंदुओं पर रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपेगी। सोशल ऑडिट के दौरान टीम द्वारा मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, गांव के दो किलोमीटर के अंदर मतदान केंद्र है या नहीं, रैंप, पेयजल, बिजली आपूर्ति, शौचालय, टेबल-कुर्सी, शिशु गृह, स्थायी शेड, लाइट और पंखा आदि बुनियादी सुविधाओं का आकलन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सोशल ऑडिट रिपोर्ट आने के बाद यह देखा जायेगा कि जिलों से आयी रिपोर्ट के अनुरूप मतदान केंद्रों पर व्यवस्था की गयी है या नहीं। व्यवस्था में कमी पाए जाने पर समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और समुचित कार्रवाई की जाएगी। सोशल ऑडिट को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। कुल मतदान केंद्रों के दो प्रतिशत पर इस तरह का सोशल ऑडिट करने का प्रावधान है। इस तरह राज्य के सभी जिलों में करीब 600 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जायेगा।

# ईडी कोर्ट ने राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड अवधि खत्म होने पर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ पूरी होने की बात कहते हुए ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत से भानु को जेल भेजने का आग्रह किया। इसके बाद कोर्ट ने भानु को 22 फरवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। इससे पूर्व तीन बार चार-चार दिन की रिमांड लेने के बाद कुल 12 दिन रिमांड पर लेकर ईडी भानु से पूछताछ कर चुकी है। पेशी से पहले ईडी ने भानु का मेडिकल कराया। ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानु प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की है। पूछताछ में कई और अहम खुलासे हो सकते हैं। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद है। ईडी ने भानु को पांच फरवरी को इस मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ कर रही है।

# झामुमो कार्यकताओं ने तीसरे दिन भी रखा उपवास




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष तीसरे दिन शानिवार को खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा हेमंत सोरेन को जिस प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार के जरिये जांच के सहारे प्रताड़ित किया जा रहा है। इसी कारण हम लोग सभी प्रखंडों, पंचायतों मे न्याय यात्रा निकाल कर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से जांच एजेंसियों के सहारे साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जेल भेजे जाने के विरोध में उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो तीसरे दिन भी जारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मनमानी का हम लगातार विरोध करेंगे। हेमन्त सोरेन को राजनीति कारणों से प्रताड़ना झेलना पड़ रहा है। जनता इसका जवाब चुनाव में देगी।

## वकालतनामा और हाजरी में 50 रुपये रुपया की हुई बढोत्तरी

**दुमका।** अधिवक्ता संघ ने वकालतनामा और हाजरी में पचास रुपये की हुई बढोत्तरी करने का निर्णय लिया। यह निर्णय जिला अधिवक्ता संघ की शनिवार को जेनरल बॉडी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता निशिकांत प्रसाद ने की। अधिवक्ता संघ के आय में वृद्धि के लिए वकालतनामा एवं हाजरी में 50-50 रुपये वृद्धि करने का निर्णय लिया। अब वकालतनामा 200 रुपये और हाजरी 200 रुपये में मिलेंगे। पहले वकालतनामा 150 रुपया में मिलता था, अब 200 रुपया में मिलेगा । वही हाजरी पहले 150 रुपया में मिलता था वह बढ़कर 200 रुपया हो गया है। अधिवक्ता संघ ने बेलबॉण्ड और एफिडेविट के दाम में भी वृद्धि किया है।

# झाप्रसे ने नवप्रोन्नत आईएएस अफसरों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की ओर से शनिवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीते साल राज्य प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए पदाधिकारियों के सम्मान में विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत होने वाले पदाधिकारियों का स्वागत-सह-सम्मान भी किया गया। साथ ही उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को रेखांकित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता भी ज्ञापित की गई। जिन पदाधिकारियों को विदाई देते हुए सम्मानित किया गया उनमें राम कुमार सिंह, संजय कुमार, अशोक कुमार खेतान, अभय कुमार सिंहा, सलन भुइयां, रंजना मिश्रा, राकेश रोशन, रंजीत कुमार सिंहा, सरिता दास, विलसन भेंगरा, अशोक कुमार शाह, डॉक्टर संजय सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, इंद्रदेव मंडल, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश रंजन वर्मा, नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंद किशोर गुप्ता और अरविंद मिश्रा शामिल हैं। झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत जिन पदाधिकारियों का स्वागत सह सम्मान हुआ उनमें विधान चंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह, रंजीत कुमार लाल, मनोज कुमार रंजन शामिल हैं। सम्मानित होने वाले अधिकारियों ने कहा कि एसोसिएशन की तरफ से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने से साथी अधिकारियों में समूह भावना प्रगाढ़ होती है तथा उनमें एकता और बंधुत्व का भाव बढ़ता है। झासा की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम ने कहा कि उन्हें आज सम्मानित हो रहे अपने सभी वरीय पदाधिकारियों के द्वारा किए गए कार्यों पर गर्व है। झासा ही नहीं पूरा राज्य उनके द्वारा राज्य के विकास में दिए गए योगदान के प्रति कृतज्ञ है।

## पृष्ठ एक के शेष

**बजट सत्र के पहले कांग्रेस के मंत्रियों को...**
हुए हैं। विधायक सोना राम सिंकू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश प्रभारी के साथ हुई बैठक में अब तक कोई हल नहीं निकला। हल तो निकालना पड़ेगा। यदि हाईकमान चाहेगा तो वह कुछ भी संभव है। पहले भी चारों मंत्रियों को हटाने की बात चल रही थी। नए चेहरे को लेकर बात हुई थी लेकिन अचानक से 16 फरवरी को पुराने लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया गया।

**मंत्री फोन तक नहीं उठाते : विधायकों का आरोप :** कांग्रेस के नाराज विधायकों ने कहा है कि मंत्री उनका फोन तक नहीं उठाते। हमने चार साल तक इनका काम देखा है। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव सिर पर हैं। हम क्षेत्र में क्या मुंह लेकर जायेंगे। कांग्रेस विधायकों का आरोप है कि सरकार में रहते हुए कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने कोई काम नहीं किया।

**कांग्रेस के कोटे से बने 12वां मंत्री :** झारखंड कांग्रेस के विधायकों ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के समर्थन में बयान देते हैं। उनकी मांग है कि 12वां मंत्री कांग्रेस के कोटे से बनाया जाये। वहीं, पार्टी में एक व्यक्ति, एक पद लागू करने की भी मांग की जा रही है।

**इन विधायकों ने अपनाए हैं बगावती तेवर :** कांग्रेस विधायकों ने प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से कहा कि हमलोगों ने चार साल झेला है। भाजपा के समर्थन में बात करनेवालों को मंत्री बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं चलने देंगे। विधायक भूषण बाड़ा, अनूप सिंह, दीपिका पांडेय सिंह, अंबा प्रसाद, इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला, शिल्पी नेहा तिर्की, राजेश कच्छप, रामचंद्र सिंह, नमन विक्सल कोंगाड़ी, सोना राम सिंकू व झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह (ये फिलहाल गुट के साथ मौजूद नहीं है लेकिन इनका समर्थन गुट के साथ है) इस गुट में हैं।

**लोकसभा सीट फाइनल करने...**
राजेश ठाकुर ने कहा कि हर कोई की महत्वाकांक्षा होती है, विधायकों की इच्छा से आलाकमान को अवगत करा दिया जाएगा।

**बैद्यनाथ राम की नाराजगी झामुमो परिवार के अंदर की बात : सुदिव्य कुमार सोनू :** लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग के मुद्दे पर बैठक में भाग लेने जाने से पहले सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि इससे पहले सीट शेयरिंग के लिए हुई बैठक में चंपई सोरेन, हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए थे। लेकिन इस बार चंपई सोरेन मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार दिल्ली जा रहे हैं। झामुमो विधायक ने कहा कि झारखंड में इंडिया दलों के बीच सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला तय हो जाएगा। अंतिम समय में 12वें मंत्री के रूप में बैद्यनाथ राम का नाम कट जाने के बाद उनकी नाराजगी के सवाल पर सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह परिवार का मामला है। बता दें कि इंडिया गठबंधन दलों के बीच सीट शेयरिंग का फामूर्ला तय करने के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच पहली बैठक 13 जनवरी को दिल्ली में हुई थी। कांग्रेस के केंद्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलौत और मोहन प्रकाश के साथ उस समय झामुमो-कांग्रेस से राज्य के नेता शामिल हुए थे।

**37 करोड़ के लिए रुका मंत्री...**
निर्माण कुछ इस तरह किया गया है कि इसमें मंत्रियों के परिवार के साथ उनके ऑफिस स्टाफ की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। खास बात यह है कि स्मार्ट सिटी में ये सभी 11 बंगले एक कतार में हैं। ऐसे में एक कैंपस में प्रवेश करने के साथ ही सभी 11 मंत्रियों से मुलाकात हो सकती है।

## ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का रिकॉर्ड कराएं उपलब्ध : डीसी



**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने 14 फरवरी को ओलावृष्टि से किसानों को हुए फसल क्षति से संबंधित रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारी को दिया। उन्होंने शनिवार को कहा कि ओलावृष्टि से किसानों को हुए फसल क्षति से संबंधित रिकॉर्ड जल्द उपलब्ध कराया जाये, ताकि किसानों को सही समय पर मुआवजा दिया जा सके। डीसी ने इसे लेकर निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने अंचल क्षेत्र में एक सहायता डेस्क बनाकर ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति का आवेदन दिया जाये। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार कर उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर - बुंडू रांची के माध्यम से 20 फरवरी तक भेजने को कहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
**तृतीय आमंत्रण**

निविदा सूचना संख्या : 15    दिनांक –: 16.02.2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- Construction of 125 x 115 mm di a and 70m/90m/120m mtrs. deep drilled Tube -Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump , 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine / D.T.H. Rig Machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Gumla District under D. W. & S. Division, Gumla for the Year 2023 -24. | | | | |
| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड न0 की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 2 | Name of Work:- Construction of 300 x 115 mm dia and 60m deep (Av.) Gravel Packed drilled Tube - Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump , 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted Mechanical/ Hydraulic Reverse Rotary with mud pump Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Gumla District under D. W. & S. Division, Gumla for the Year 2023 -24. | | | | |
| GML/GPT/60M – Gr.01 | 50 | 73,63,989.00 | 1,47,300.00 | 10,000.00 | 90 Days |
| GML/GPT/60M – Gr.02 | 50 | 73,63,989.00 | 1,47,300.00 | 10,000.00 | 90 Days |
| GML/GPT/60M – Gr.03 | 50 | 73,63,989.00 | 1,47,300.00 | 10,000.00 | 90 Days |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.02.2024 समय 02.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 27.02.2024 समय 05.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- | ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंत, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 | | | |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला

PR.NO.319289 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट सीएम सिद्दारमैया की याचिका पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की दायर याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें 2022 में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के संबंध में उनके और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित डिटेल के अनुसार, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ 19 फरवरी को विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करेगी।

### जेल में बंद पूर्व थाई पीएम थाकसिन रविवार को होंगे रिहा

**बैंकॉक।** थाई प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को 18 फरवरी को रिहा किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, न्याय विभाग ने कहा कि 74 वर्षीय थाकसिन इस महीने पैरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पैरोल के पात्र हैं क्योंकि उनकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। थाकसिन को 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त कर अगस्त 2023 में थाईलैंड लौटने पर हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गई। हालाँकि, स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें जल्द ही बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया और तब से वह अस्पताल में ही हैं।

### बम विस्फोट की धमकी के बाद मुंबई व पुणे में ठिकानों की सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई और पुणे में सिलसिलेवार बम ब्लास्ट की धमकी के बाद महाराष्ट्र पुलिस सतर्क हो गई है और महत्वपूर्ण ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने बम विस्फोट की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। उसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को पुणे के पुलिस कंट्रोल रूम में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर कहा कि बहुत जल्द मुंबई के बांद्रा, गेटवे ऑफ इंडिया और पुणे के शिवाजीनगर एवं पिंपरी चिंचवड़ इलाके में बम विस्फोट होंगे।

# मोदी सरकार के फैसलों का फायदा, कृषि निर्यात बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से सत्ता की कमान संभाली है, तब से कृषि क्षेत्र का विकास उनके लिए प्राथमिकता की सूची में रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने किसानों के हित में कई ऐसी योजनाएं शुरू की, जो कि मौजूदा वक्त में अन्नदाताओं को व्यापक स्तर पर फायदा पहुंचा रही है। इसी कड़ी में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने एक ऐसा आंकड़ा जारी किया है, जिससे कृषि निर्यात में तेजी देखने को मिल रही है। इस आंकड़े के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि निर्यात में 26.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात के इस आंकड़े को बढ़ाने में 200 से अधिक देशों ने हिस्सा लिया। यह 12 फीसद की सराहनीय चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। बता दें कि 1987-88 में कृषि निर्यात 0.6 अमेरिकी डॉलर था। वहीं, वर्ष 2022-23 की अवधि में भारत का कृषि निर्यात 53.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। भारत के इस कृषि निर्यात में एपीईडीए का महत्वपूर्ण योगदान 51 प्रतिशत रहा। अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीईडीए के निर्यात समूह में 23 प्रमुख वस्तुओं में से 18 ने सकारात्मक वृद्धि का प्रदर्शन किया।

विशेष रूप से 15 बड़े प्रमुख वस्तुओं में से 13, जिनका निर्यात पिछले वर्ष 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था। इसके अलावा इस अवधि में प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद विविध प्रसंस्कृत वस्तुओं, बासमती चावल और ताजी सब्जियों के निर्यात में भी पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई। मुख्यतः ताजे फलों के निर्यात में भारत ने उल्लेखनीय रूप से वृद्धि की है। यह पिछले वर्ष के 102 देशों की तुलना में आज 111 देशों को अपनी सेवाएं दे रहा है।

एपीईडीए के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि निर्यात के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अद्वितीय वृद्धि और प्रगति का उत्सव मनाया। कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ वर्ष 1986 में स्थापित, एपीईडीए भारत के कृषि निर्यात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर कर आया है। अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान, कई प्रमुख वस्तुओं में पिछले वर्ष की तुलना में पर्याप्त वृद्धि देखी गई, जैसे केले में 63 प्रतिशत, दालें (सूखे और छिलके वाले) 110 प्रतिशत, अंडे 160 प्रतिशत और केसर और दशहरी आम क्रमशः 120 प्रतिशत और 140 प्रतिशत। अप्रैल से दिसंबर 2023 की अवधि के दौरान, बासमती चावल के निर्यात मूल्य में 19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जो पिछले वर्ष के 3.33 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 3.97 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके साथ ही, निर्यात की मात्रा में 11 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो समान समय सीमा में 31.98 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 35.43 लाख मीट्रिक टन हो गई।

## 370 सीट जीतकर भाजपा का हर कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को देगा श्रद्धांजलि : मोदी



**पीएम** मोदी ने शनिवार को भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अगले 100 दिनों तक कमर कसकर जुट जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 और एनडीए 400 पार सीटें जीतने का लक्ष्य महज आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि 370 सीट जीतकर भाजपा का हर कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को श्रद्धांजलि देगा। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के बारे में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैठक में कहा कि इस बार के चुनाव में विपक्ष 'तू तू-मैं मैं' की राजनीति करेगा। लेकिन, पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकार के कामकाज और उपलब्धियों के बारे में जनता को बताना है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवार की घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा का सिर्फ एक ही उम्मीदवार है कमल का फूल और सबको मिलकर उन्हीं को विजयी बनाना है। तावड़े ने कहा कि 25 फरवरी से देशभर में लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा, हर बूथ पर 370 वोट ज्यादा हासिल करने की योजना पर काम किया जाएगा। आज बैठक में 'विकसित भारत मोदी गारंटी', 'फिर एक बार मोदी सरकार' प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

**तमिलनाडु : पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट**

## 9 की मौत, कई घायल

**एजेंसी। चेन्नई**



राज्य के विरुधुनगर में शनिवार को पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से 9 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शहर के वेम्बकोट्टई इलाका स्थित पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट के बाद भारी तबाही का मंजर सामने आया है। हादसे में फैक्टरी में काम करने वाले 9 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को शिवकाशी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि फैक्टरी परिसर एवं आसपास की इमारतें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मौके पर राहत कार्य शुरू किया जो अभी तक जारी है।

### इमरान खान की पत्नी बुशरा पाक में नजरबंद, जान का खतरा

**लंदन।** संगीन आरोपों में से कुछ में सजायाफ्ता और जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की साली मरियम रियाज वट्टू की 15 फरवरी को एक्स हैंडल पर की गई पोस्ट सुर्खियों में है। मरियम ने दावा किया है कि पाकिस्तान में उनकी बड़ी बहन बुशरा खान की जान को खतरा है। उसे बानी गाला में नजरबंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार और अन्य आरोपों का सामना कर रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा को अदालत एक मामले में 14 साल जेल की सजा सुना चुकी है।

### भारतीय वायु सेना का डे नाइट वायुशक्ति 2024 युद्धाभ्यास शुरू

**जैसलमेर।** भारत पाकिस्तान की सरहद पर स्थित वीर भूमि राजस्थान के सीमांत जिले जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना का डे नाइट वायुशक्ति 2024 युद्धाभ्यास शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ। करीब ढाई घंटे के इस डे नाइट युद्धाभ्यास में राफेल व तेजस सहित कई युद्धक विमान, हेलीकॉप्टर, यातायात विमान और यूएवी भाग ले रहे हैं। इस युद्धाभ्यास में हवा से हवा में दागी जाने वाली मीका मिसाइल को भी शामिल किया गया है। युद्धाभ्यास वायुशक्ति 2024 के मुख्य अतिथि सीडीएस जनरल अनिल चौहान हैं।

## मतभेद के बाद अपने परिवार के 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की

**एजेंसी। तेहरान**

ईरान के केरमान प्रांत में एक व्यक्ति ने अपने परिवार के 12 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि, तीन अन्य गोली लगने से घायल हो गए। केरमान के पुलिस कमांडर नासिर फरशीद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घटना फरयाब काउंटी में स्थानीय समयानुसार सुबह 4.30 बजे (01.00 जीएमटी) की है। 25 वर्षीय हथियारबंद व्यक्ति ने दो घरों में अपने दो सौतेले भाइयों और उनके परिवार के सदस्यों पर फायरिंग की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने तस्नीम न्यूज के हवाले से बताया कि नासिर फरशीद ने कहा कि आरोपी ने 'पारिवारिक मतभेदों' के कारण इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। राज्य मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, केरमान के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी के अनुसार, व्यक्ति ने अपराध के लिए कलाश्निकोव राइफल का



**नीतीश ने किया लालू के बयान पर पलटवार, कहा**

## एनडीए में हैं और बिहार का विकास मिलकर करेंगे

**एजेंसी। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के ' दरवाजा खुला रहने ' के बयान पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम एनडीए में हैं और हमलोग मिलकर बिहार का विकास करेंगे। पटना में शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए जब नीतीश से लालू यादव द्वारा महागठबंधन का दरवाजा खुले रखने से संबंधित बयान के विषय में पूछा गया, तब उन्होंने कहा कि जब हम विधानसभा से निकल रहे थे, तब लालू जी विधानसभा आ रहे थे। उस दौरान हमारी उनसे भेंट हुई और हमने उनका अभिवादन किया। हमारी जिससे भी मुलाकात होती है हम सबका स्वागत करते हैं, उनका अभिवादन करते हैं। ऐसे में जिनको जो कुछ बोलना है बोलते रहें, उससे मुझे कुछ लेना-देना नहीं है। हम फिर से एनडीए में हैं और यहां हमलोग मिलकर बिहार का विकास करेंगे। उल्लेखनीय है राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने नीतीश कुमार के फिर से साथ आने के संबंध में शुक्रवार को कहा था कि आयेंगे तो देखेंगे। जब उनसे पूछा गया था कि क्या नीतीश कुमार के लिए दरवाजा खुला है, तब उन्होंने कहा कि दरवाजा हमेशा खुला ही रहता है, दरवाजे में क्या है।

### कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प पर लगाया 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश ने नागरिक धोखाधड़ी मामले में डोनाल्ड ट्रंप को लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति आर्थर एंगोरोन का यह फैसला शुक्रवार को न्यूयॉर्क में एक नागरिक मुकदमे के बाद आया, जो काफी नाटकीय था। ट्रंप और उनके वकील कोर्ट रूम के अंदर और बाहर जज के साथ बार-बार भिड़ते रहे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर अगले तीन साल के लिए न्यूयॉर्क में कारोबार करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह फैसला अनुकूल ऋणों को सुरक्षित करने के लिए ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन द्वारा उपयोग की जाने वाली धोखाधड़ी वाली व्यावसायिक प्रथाओं के चलते आया है।

## भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं के बीच कमलनाथ ने दिल्ली पहुंच कर तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद पुत्र नकुलनाथ अपने समस्त दौरे रद्द कर शनिवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे। इसके बाद सियासी गलियारों में उनके भाजपा में शामिल होने को लेकर चचाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, दिल्ली में ने भाजपा में शामिल होने की चचाओं पर कहा कि इनकार करने की बात नहीं है, अगर ऐसी कोई बात होगी तो मैं सबसे पहले खबर करूंगा।

दरअसल, विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से कमलनाथ मध्य प्रदेश की राजनीति से दूर होते चले गए। हालांकि, राज्यसभा चुनाव में उनका नाम चला था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और राज्यसभा के लिए उम्मीदवार अशोक सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। अब शनिवार को कमलनाथ अपने सारे कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली दौरे को उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जोड़ कर देखा जा रहा है। अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इस बीच पूर्व मंत्री व कमलनाथ के करीबी माने जाने वाले सज्जन सिंह वर्मा ने शनिवार दोपहर अपना एक्स हैंडल प्रोफाइल बदल दिया है। इसमें भी कांग्रेस का चिन्ह नदारद है।

कमलनाथ के कांग्रेस में शामिल होने की सुगबुगाहट को देखते हुए अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी कमलनाथ ट्रेंड कर रहा है, जिसमें कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने का दावा किया जा रहा है। इधर, छिंदवाड़ा से कांग्रेस सांसद नकुलनाथ ने भी अपने तीनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स पर अपने बायो से कांग्रेस नाम हटा दिया है और फिलहाल उनके नाम के आगे सिर्फ छिंदवाड़ा सांसद लिखा है।

**सुमित्रा महाजन ने भाजपा से चुनाव लड़ने का दिया ऑफर**

पूर्व लोकसभा स्पीकर और पूर्व इंदौर सांसद सुमित्रा महाजन ने पिछले दिनों कमलनाथ को जय सियाराम के नारे के साथ कमलनाथ को भाजपा में आने का निमंत्रण दिया था।

### पाकिस्तान : रावलपिंडी डिवीजन के कमिश्नर ने इस्तीफा दिया



**रावलपिंडी।** पाकिस्तान में रावलपिंडी डिवीजन के कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को चुनाव में धांधली के विरोध में पद से इस्तीफा दे दिया। लियाकत अली ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। उन्होंने स्वीकार किया कि रावलपिंडी डिवीजन में 'धांधली' हुई और इसकी जिम्मेदारी ली। लियाकत अली ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने दावा किया, हम हारे हुए लोगों को 50,000 वोटों के अंतर से विजेताओं में बदल देते हैं। मैंने रावलपिंडी डिवीजन के लोगों के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा, "मैं अपने डिवीजन के रिटर्निंग अधिकारियों से माफी मांगता हूं।

## नेपाली कांग्रेस की बैठक में छाया रहा हिन्दू राष्ट्र का मुद्दा

**एजेंसी। काठमांडू**



नेपाली कांग्रेस के भीतर देश को फिर से हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के 26 सांसदों और अन्य नेताओं ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया। अगले सप्ताह शुरू हो रही पार्टी की महासमिति की बैठक में भी इस मुद्दे के छाये रहने के प्रबल आसार हैं। नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने देश को पुनः हिन्दू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग को पार्टी का मुख्य मुद्दा बनाने की मांग की है। पार्टी पदाधिकारियों ने अन्य पदाधिकारियों के बीच इसको लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। पार्टी के नेता शंकर भंडारी के नेतृत्व में 26 सांसदों और केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्यों ने राष्ट्रीष अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा के समक्ष इस मुद्दे को उठाया और इसे पार्टी महासमिति की आगामी बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग की। केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में शंकर भंडारी ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए पार्टी को इस विषय को प्रमुख मुद्दा बनाना चाहिए। भंडारी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष देउबा ने फिलहाल इस विषय पर कुछ नहीं बोला है लेकिन उन्होंने इससे जुड़े प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इससे यह विश्वास है कि महासमिति की आगामी बैठक के एजेंडे में यह विषय जरूर शामिल होगा। हिन्दू राष्ट्र अभियान के पक्ष में दिखीं पूर्व डिप्टी स्पीकर और कांग्रेस की सांसद पुष्पा भूषाल ने कहा कि कुछ महीने पहले स्वयं पार्टी अध्यक्ष ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा था कि हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे पर पार्टी विचार कर सकती है।

# 22 भाषाओं के ज्ञाता हैं रामभद्राचार्य तो गुलजार को मिल चुका है आस्कर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार**



वर्ष 2023 के लिए 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से जगतगुरू रामभद्राचार्य और गीतकार गुलजार को देने की घोषणा का व्यापक स्वागत हो रहा है। जगतगरू को संस्कृत भाषा में उनकी रचनाओं के लिए व गुलजार को उर्दू में उनकी रचनाओं के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। दोनों अपने-अपने क्षेत्र के स्वनामधन्य विभूति हैं। जहां जगतगुरू रामभद्राचार्य 22 भाषाओं के ज्ञाता है वहीं बहुमुखी प्रतिभा के धनी गुलजार को उनके गीत के लिए आस्कर पुरस्कार मिल चुका है। 1950 में जौनपुर के खांदीखुर्द गांव में जन्मे रामभद्राचार्य चित्रकूट में रहने वाले एक प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद्, बहुभाषाविद्, रचनाकार, प्रवचनकार, दार्शनिक और हिन्दू धर्मगुरु हैं। वे रामानन्द सम्प्रदाय के वर्तमान चार जगद्गुरु रामानन्दाचार्यों में से एक हैं और इस पद पर 1988 से प्रतिष्ठित हैं। वे चित्रकूट में स्थित संत तुलसीदास के नाम पर स्थापित तुलसी पीठ नामक धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वे बहुभाषाविद् हैं और 22 भाषाएं बोलते हैं। वे संस्कृत, हिन्दी, अवधी, मैथिली सहित कई भाषाओं में आशुकवि और रचनाकार हैं। आरएन तिवारी ने बताया कि उन्होंने 240 से अधिक पुस्तकों और ग्रंथों की रचना की है, जिनमें चार महाकाव्य (दो संस्कृत और दो हिन्दी में), रामचरितमानस पर हिन्दी टीका, अष्टाध्यायी पर काव्यात्मक संस्कृत टीका और प्रस्थानत्रयी (ब्रह्मसूत्र, भगवद्गीता और प्रधान उपनिषदों) पर संस्कृत भाष्य सम्मिलित हैं। उन्हें तुलसीदास पर भारत के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों में गिना जाता है। वे रामचरितमानस की एक प्रामाणिक प्रति के सम्पादक हैं, जिसका प्रकाशन तुलसी पीठ द्वारा किया गया है। 2015 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। वहीं, भारतीय ज्ञानपीठ से सम्मानित होने वाले सम्पूर्ण सिंह कालरा (1934) 'गुलजार' नाम से प्रसिद्ध हैं व हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध गीतकार हैं। इसके अतिरिक्त वे एक कवि, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक, नाटककार तथा प्रसिद्ध शायर हैं। उनकी रचनाएं मुख्यत हिन्दी, उर्दू तथा पंजाबी में हैं। गुलजार को वर्ष 2002 में सहित्य अकादमी पुरस्कार और वर्ष 2004 में भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2009 में डैनी बॉयल निर्देशित फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' में उनके लिखे गीत 'जय हो' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीत का ऑस्कर पुरस्कार मिल चुका है। इसी गीत के लिए उन्हें ग्रैमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। अपनी लम्बी फिल्मी यात्रा के साथ-साथ गुलजार अदब के मैदान में नई-नई मंजिलें तय करते रहे हैं।

**फिल्म जगत**

## बॉलीवुड इंडस्ट्री में वक्त के साथ बदली एक्ट्रेसेस की पहचान : शिल्पा शेट्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने कहा है कि 90 के दशक में फिल्मों को वास्तविकता से दूर माना जाता था। उस समय एक्ट्रेसेस का ग्लैमरस दिखना जरूरी था, क्योंकि कोई भी नीरस चीजें नहीं देखना चाहता था। शिल्पा ने 1993 में रिलीज हुई 'बाजीगर' से अपने फिल्मी करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने 90 और 2000 के दशक की कई फिल्मों में काम किया। हाल ही में उन्होंने रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर शुरूआत की। 90 के दशक की तुलना में अब फिल्म निमार्ताओं द्वारा महिलाओं को गंभीरता से लेने के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने आईएएनएस से कहा, "समय बदल गया है और समय के साथ कंटेंट भी बदल गया है। फिल्में और कुछ नहीं बल्कि हमारे समाज के ताने-बाने का प्रतिबिंब हैं। मुझे लगता है कि पुराने जमाने में फिल्मों को वास्तविकता से भागने के एक माध्यम के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा, उस समय यह सब चीजें दूर-दूर तक नहीं सोची जाती थीं, एक्ट्रेसेस ग्लैमरस थीं क्योंकि कोई भी नीरस चीजें नहीं देखना चाहते थे। अभिनेत्री ने कहा कि उस समय आर्ट और कमर्शियल सिनेमा के बीच अंतर था। उन्होंने कहा, "आर्ट फिल्मों और कमर्शियल सिनेमा के बीच स्पष्ट अंतर था। आज... मुझे लगता है कि सब ब्लर हो गया हैं।"